माघ शुक्ल पक्ष-4, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 254 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
28 फरवरी 2024
बुधवार

आज का मौसम
29 अधिकतम
17 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो


Page- 7

- बजट पारित नहीं हुआ तो राष्ट्रपति शासन?
- मंत्री विक्रमादित्य ने दिया इस्तीफा
- कांग्रेस विधायक सीएम बदलने पर अड़े

### हेलिकॉप्टर से लाए गए बागी विधायक, स्पीकर ने 14 भाजपा विधायक किए सस्पेंड

# हाथ से खिसक सकता है हिमाचल, सरकार की अग्निपरीक्षा, सदन में जबर्दस्त हंगामा

**शिमला, एजेंसी।**

हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार का सबसे कड़ा इम्तहान आज से शुरू हो गया है। मात्र 14 महीने पुरानी कांग्रेस सरकार संकट में है। सिर्फ सीएम बदलने पर ही राहत के आसार है। वहीं आज सदन में सरकार को बजट पारित कराना है। इस बीच हिमाचल प्रदेश विधानसभा में विपक्ष का हंगामा जारी है। स्पीकर ने बड़ा एक्शन लेते हुए भाजपा के 14 विधायकों को सदन से सस्पेंड कर दिया है। भाजपा के इन विधायकों में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी शामिल हैं। जिन विधायकों को सस्पेंड कर दिया गया है, उन्हें मार्शल लगातार सदन से बाहर जाने को कह रहे हैं, लेकिन बीजेपी विधायक धरने पर बैठे हुए हैं। खबर है कि पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के साथ धक्का-मुक्की भी हुई है।

दरअसल बीती रात राज्यसभा उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी की हार के बाद सारे समीकरण लडखडा चुके हैं। सुविधाजनक बहुमत के बाद भी कांग्रेस उम्मीदवार की हार में यहां वीरभद्र सिंह के परिवार की भूमिका भी उभरने लगी है। इसीलिये बुधवार का दिन अहम है। आज हिमाचल विधानसभा में बजट पारित होना है। इस दौरान वोटिंग की नौबत आई और बागी विधायकों ने सरकार के खिलाफ वोट किया, तो सरकार अल्पमत में आ जाएगी। इस स्थिति में प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है। इस बीच, कांग्रेस से बगावत करने वाले छह विधायकों को हरियाणा के पंचकूला से शिमला ले जाया जा रहा है। इन्हें विशेष हेलीकॉप्टर से ले जाया गया।



### विक्रमादित्य ने मंत्री पद छोड़ा



वीरभद्र सिंह के बेटे व मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज मंत्री पद छोडने का ऐलान करते कहा कि हमने हमेशा कांग्रेस आलाकमान का सम्मान किया है और मुख्यमंत्री सुक्खू को भी सम्मान दिया लेकिन विधायकों की शिकायत का समाधान नहीं हुआ, ये विधायकों की अनदेखी का ही नतीजा है कि हम राज्यसभा चुनाव हारे हैं। उन्होंने कहा कि मेरी निष्ठा पार्टी के साथ है, इसलिए खुलकर बोल रहा हूं। उधर भाजपा नेताओं ने राज्यपाल से मुलकात की है।

### कांग्रेस ने भेजे पर्यवेक्षक, सीएम सुक्खु देंगे इस्तीफा

हिमाचल में 6 बार सीएम रहे वीरभद्र सिंह की मौत के बाद उनकी पत्नी प्रतिभा सिंह इस पद की दावेदार थीं लेकिन कांग्रेस ने परिवारवाद के आरोप से बचने के लिये सुक्खु को सीएम बना दिया,तभी से नारजगी बरकरार थी। अब कांग्रेस पर्यपेक्षक 4 बजे अगला फैसला लेंगे। सुक्खु का इस्तीफा संभावित है। वहीं विक्रमादित्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पिता की तुलना आखिरी मुगल सम्राट बहादुर शाह जफर से की व कहा कि पूरा चुनाव वीरभद्र सिंह के नाम पर हुआ। जिस व्यक्ति की वजह से हिमाचल में कांग्रेस की सरकार बनी, उनकी मूर्ति लगाने के लिए शिमला के मॉल रोड पर 2 गज जमीन नहीं दी गई। ये बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।

## भोपाल से शिवराज, कांग्रेस के पत्ते आज होंगे साफ

### भाजपा ने बनाए उम्मीदवारों के पैनल, सीएम पहुंचे दिल्ली

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी जल्द ही करीब बीस उम्मीदवारों के नाम का एलान करने की तैयारी में हैं। बीती रात प्रदेश के नेताओं के मंथन के बाद तैयार पैनल को हाइकमान के पास भेज दिया गया है। वहीं कांग्रेस आज दिल्ली में उम्मीदवारों के नाम पर मंथन करने बैठ रही है।



इससे पहले भोपाल में भाजपा कोर कमेटी और प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में कई लोकसभा सीटों के लिए नेताओं के नामों पर चर्चा हुई। सूत्र बताते हैं कि पैनल में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधानसभा चुनाव हार चुके नरोत्तम मिश्रा समेत तमाम नेताओं के नाम शामिल किये गये हैं। रायशुमारी के बाद 23 लोकसभा सीटों के दावेदारों के नामों की सूची लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का दिल्ली पहुंचे हैं। वे वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे। लोकसभा सीट के प्रत्याशियों के बनाए गए नाम के पैनल को लेकर जेपी नड्डा और अमित शाह के साथ बैठक में भी शामिल होंगे। इसके बाद कल भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के पहले आज फिर प्रत्याशियों के नाम पर चर्चा होगी।

- **गुना-शिवपुरी:** ज्योतिरादित्य सिंधिया, केपी यादव
- **ग्वालियर:** ज्योतिरादित्य सिंधिया, नरोत्तम मिश्रा, विवेक शेजवलकर, जयभान सिंह पवैया
- **भिंड:** लाल सिंह आर्य, सुमन राय, इमरती देवी
- **भोपाल:** शिवराज सिंह चौहान, वीडी शर्मा, नरोत्तम मिश्रा, अलोक शर्मा, सुमित पचौरी।
- **इंदौर:** कैलाश विजयवर्गीय, पुष्यमित्र भार्गव, शंकर लालवानी
- **विदिशा:** शिवराज सिंह चैहान, रमाकांत भार्गव
- **खंडवा:** सुभाष कोठरी, ज्ञानेश्वर पाटिल
- **राजगढ़:** बंटी बना, मोना सुस्तानी, रोडमल नागर, अंशुल तिवारी
- **छिंदवाड़ा:** नत्थन शाह कवरेती, डॉक्टर गगन कोल्हे
- **टीकमगढ़:** वीरेन्द्र कुमार, भारती आर्य, गोपाल राय
- **देवास:** महेंद्र सिंह सोलंकी, गोपाल परमार, विजय अटवाल, राजेंद्र वर्मा
- **उज्जैन:** अनिल फिरोजिया, चिंतामणि मालवीय
- **बालाघाट:** डॉ ढालसिंह बिसेन, गौरीशंकर बिसेन, वैभव पवार
- **मंदसौर:** सुधीर गुप्ता, पवन पाटीदार, नानालाल अटोलिया
- **रतलाम-झाबुआ:** गुमान सिंह डामोर, दिलीप कुमार मकवाना
- **रीवा:** जनार्दन मिश्रा, गौरव तिवारी, पुष्पराज सिंह
- **सतना:** शंकरलाल तिवारी, राकेश मिश्रा।

## शाजापुर में कांग्रेस को बड़ा झटका

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शाजापुर में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रहे योंगेंद्र सिंह जादौन बंटी बना समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के भाजपा प्रवेश से कांग्रेस को चुनाव में बड़ा झटका लग सकता है।



इन्होंने भाजपा प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा व नरोत्तम मिश्रा के समक्ष भाजपा की सदस्यता ली है। आगर नगरपालिका अध्यक्ष निलेश पटेल, पूर्व मंडी अध्यक्ष चंदरसिंह मेवाड़ा समेत करीब 2500 कांग्रेस पदाधिकारियों, पार्षदों, सरपंचों, एवं पूर्व सरपंचों ने कांग्रेस को अलविदा कहा है। खास बात यह है कि योगेंद्र सिंह कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने पर दो बार बाग़ी बनकर कांग्रेस को हरवा चुके हैं। वे दिग्विजय सिंह के समर्थक माने जाते हैं।

## समुद्री सीमा से ड्रग्स की अब तक की सबसे बड़ी जब्ती



**नई दिल्ली , एजेंसी।**

गुजरात के आतंकवादी रोधी दस्ते ने भारतीय नौसेना और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के साथ मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के साथ अरब सागर में एक संयुक्त अभियान में चलाया। इस दौरान एक ईरानी नौका को रोककर उसके चालक दल के पांच सदस्यों को हिरासत में लिया। अधिकारियों को संदेह है कि यह लोग ईरान और पाकिस्तान से हो सकते हैं। इनके पास से हजारों करोड़ रुपये की कीमत का 3300 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ बरामद किया। संघीय मादक पदार्थ रोधी एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एनसीबी और अन्य एजेंसियों ने मादक पदार्थों की तस्करी के एक और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। देश में अब तक की सबसे अधिक अपतटीय जब्ती (मात्रा के आधार पर) की है।

## एलजी ने दिल्ली सरकार की सोलर पॉलिसी रोकी

### केजरीवाल ने बिजली के बिल जीरो होने का किया था दावा

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली सरकार की नई सोलर पॉलिसी पर रोक लगा दी है। सीएम केजरीवाल ने कुछ दिन पहले प्रेस कांफ्रेंस कर नई सोलर पॉलिसी का एलान किया था। उन्होंने दावा किया था कि सोलर पॉलिसी से दिल्ली के बिजली के बिल जीरो हो जाएंगे।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बताया था कि सरकार ने नई सोलर पॉलिसी- 2024 जारी की। इससे पहले 2016 में सोलर पॉलिसी जारी की गई थी। नई पॉलिसी अपनाने वाले आवासीय एरिया के उपभोक्ताओं का बिजली बिल जीरो आएगा और उन्हें 700 से 900 रुपये तक की अतिरिक्त आमदनी भी होगी। उपभोक्ताओं का चार साल के अंदर सोलर पैनल लगाने में आया खर्च भी रिकवर हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि 2016 में जारी सोलर पॉलिसी पूरे देश में सबसे प्रोग्रेसिव पॉलिसी थी। सोलर पॉलिसी 2016 के तहत दिल्ली के लोगों ने अब तक अपने



घरों की छत पर लगभग 250 मेगावाट क्षमता के सोलर पैनल लगवाए हैं। इसके अलावा, सोलर पॉलिसी 2016 के तहत डिस्कॉम ने 1250 मेगावॉट सोलर पावर बाहर से खरीदी है। इस तरह, सोलर पॉलिसी 2016 के तहत दिल्ली के अंदर अब तक करीब 1500 मेगावॉट सोलर पावर स्थापित हुई है। उन्होंने नई पॉलिसी की खासियत बताते हुए कहा था कि इसके तहत जो लोग अपने घर के ऊपर सोलर पैनल लगवाएंगे, उनका बिजली का बिल जीरो हो जाएगा। 201 से 400 यूनिट बिजली इस्तेमाल करने वालों का भी बिजली का बिल जीरो हो जाएगा और 400 यूनिट से अधिक बिजली इस्तेमाल करने वालों का भी बिल जीरो हो जाएगा।

## राजीव गांधी हत्या मामले में दोषी संथान का निधन

**चेन्नई , एजेंसी।**

राजीव गांधी के हत्या के मामले में दोषी पाए गए टी सुथेंद्रराजा उर्फ संथान की बुधवार को तमिलनाडु के एक सरकारी अस्पताल में मौत हो गई। बताया गया है कि उसे चेन्नई स्थित राजीव गांधी जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गौरतलब है कि सजा काटने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने संथान की रिहाई के आदेश दिए थे। हालांकि, श्रीलंका निर्वासित करने के लिए उसे अन्य रिहा दोषियों के साथ त्रिची स्पेशल कैंप में रखा गया था। बीते हफ्ते ही विदेश मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले फॉरेनर्स रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर ने 56 वर्षीय संथान के श्रीलंका निर्वासन के लिए आपात यात्रा दस्तावेजों को मंजूरी दी थी। इससे पहले नवंबर में एमटी संथान ने भी त्रिची स्पेशल कैंप से रिहा करने की मांग की थी। संथान का आरोप था कि स्पेशल कैंप के कमरे में खिड़की भी बंद है और उन्हें अन्य लोगों से मिलने की भी आजादी नहीं है। संथान ने कहा था कि इस स्पेशल कैंप के मुकाबले उनके लिए जेल ज्यादा ठीक थी।



## देश के पहले हाइड्रोजन हब पोर्ट की सौगात



**चैन्नेई।** पीएम नरेंद्र मोदी आज तमिलनाडु के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने थूथुकुडी में करीब 17,300 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में देश का पहला हाइड्रोजन हब पोर्ट और इनलैंड वाटर वे वेसल शामिल है। वेसल को हरित नौका इनिशिएटिव के तहत बनाया गया है। इसके साथ ही पीएम ने वीओ चिदंबरनार बंदरगाह पर आउटर हार्बर कंटेनर टर्मिनल की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थूथुकुडी में हरित नौका पहल के तहत भारत के पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन ईंधन सेल अंतर्देशीय जलमार्ग जहाज को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद, थूथुकुडी के निकट कुलसेकरापट्टिनम में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नए प्रक्षेपण परिसर का शिलान्यास किया, जिसकी लागत लगभग 986 करोड़ रुपये है।

**मेट्रो एंकर**

### मप्र समेत अनेक राज्यों द्वारा अपनी खनिज संपदा पर टैक्स लगाने का मामला

# अरबों का सवाल, जवाब तलाशने बैठी सुप्रीम अदालत

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

सुप्रीम कोर्ट 25 साल से लगातार पूछे जा रहे एक सवाल का जवाब संविधान में वर्णित संघवाद के आईने में परखने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह सवाह है- क्या राज्य अपनी खनिज संपदा से समृद्ध भूमि पर संबंधित कानून से इतर भी टैक्स लगा सकता है? मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ जजों की पीठ ने संघवाद से जुड़ी कुल 85लंबित याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की है। इसके बाद आने वाला आदेश झारखंड, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और पूर्वोत्तर के खनिज संपन्न राज्यों के टैक्स रेवेन्यू पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

पीठ द्वारा विचार किया जा रहा केंद्रीय मुद्दा यह है कि क्या कोई राज्य विधानमंडल संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची ढ्ढ्ढ प्रविष्टि 49 के तहत जमीन के उत्पादन के मूल्य के आधार पर भूमि पर टैक्स लगा सकता है? अगर हां तो क्या जमीन पर टैक्स लगाया जाता है तो संवैधानिक स्थिति अलग होगी या नहीं। सुप्रीम कोर्ट को तय करना होगा कि इस परिस्थिति में संविधान की सातवीं अनुसूचि की सूची ढ्ढ्ढ प्रविष्टि 50 के अनुसार खनन भूमि, और सूची ढ्ढ प्रविष्टि 54 के साथ इसका संबंध क्या होगा? दरअसल खनिज संपन्न राज्यों के लिए इस मुद्दे का महत्व इस तथ्य से स्पष्ट है कि अकेले झारखंड ने 1993 से 2023 के बीच खनिज वाली भूमि से 10,558 करोड़ रुपये टैक्स की उगाही की। यदि सुप्रीम कोर्ट राज्यों के खिलाफ फैसला सुनाता है तो झारखंड को टैक्स रेवेन्यू में सालाना लगभग 350 करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है।

### राज्यों की दलील



झारखंड और ओडिशा का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने तर्क दिया है कि रॉयल्टी खनिज अधिकारों के अनुदान के बदले में ली जाती है, इसलिए टैक्स संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची ढ्ढ्ढ प्रविष्टि 50 के दायरे में आता है। द्विवेदी ने इस बात पर जोर दिया कि यह टैक्स लगाने की शक्ति विशेष रूप से राज्य विधानमंडल के अधिकार क्षेत्र में है न कि संसद के। खनिज अधिकारों पर टैक्स लगाने की राज्य की शक्ति की सीमाएं तय सकती है, लेकिन यह राज्य की टैक्स लगाने की शक्ति को छीन नहीं सकती है। कोर्ट को बताया कि रॉयल्टी का भुगतान करने की लाइबिलिटी सिर्फ तभी उत्पन्न होती है जब खनन पट्टा प्रदान किया जाता है। उन्होंने तर्क दिया कि इस लाइबिलिटी को संविधान केअनुच्छेद 366(28) में परिभाषित 'टैक्स' नहीं माना जाना चाहिए।

नगर निगम आयुक्त से जवाब-तलब

# तालाब की रैलिंग उखड़ी, दीवार बेहद कमजोर, अफसर बेपरवाह

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

**कमला पार्क स्थित छोटे तालाब के किनारे स्थित दीवार पर लगी रैलिंग के उखड़ने और दीवार कमजोर होने से कई खतरे पैदा हो गए हैं, चूंकि आसपास घनी बस्ती भी है और कई सैलानी भी घूमने आते हैं लिहाजा खतरा होने के पर मप्र मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है।**

मामले में आयोग ने नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश देने के साथ ही विभिन्न बिंदुओं पर रिपोर्ट तलब की है। आयोग ने नगर निगम आयुक्त से पूछा है कि क्या कमला पार्क की छोटे तालाब की ओर बनी रैलिंग एवं दीवार क्षतिग्रस्त है? क्या ऐसी स्थिति कमला पार्क में आ रहे व्यक्तियों के लिये सुरक्षित है? ऐसी स्थिति में सुधार की क्या व्यवस्था की गई है या प्रस्तावित है?


फाइल फोटो

## भदभदा बस्ती हटाने की जांच

हाल में शहर के ताज होटल के सामने स्थित भदभदा बस्ती के घरों को हटाने का मामला अब आयोग तक पहुंचा है। इस बस्ती को हटाने के कारण वहां रहने वाले बुजुर्ग और खास कर बोर्ड परिक्षाओं में सम्मिलित होने वाले छात्राओं को कई मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। लिहाजा मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने कलेक्टर एवं आयुक्त, नगर निगम भोपाल से की गई कार्यवाही के संबंध में प्रतिवेदन संबंधित दस्तावेजात सहित तीन सप्ताह में जवाब मांगा है।

## खंभो से सड़क तक झूल रहे बिजली के तार-केबल

भोपाल के वार्ड नंबर 8 स्थित फूल महल स्कूल के पास वाली सड़क पर बिजली के खंभो पर केबल का मकड़जाल होने और मेंटेनेंस नहीं होने की वजह से खम्भो पर स्थित केंबल-तार सड़क तक झूलने के मामले में आयोग ने अधीक्षक यंत्री, म.प्र. मक्षेविविक.लिमिटेड, भोपाल से मामले की जांच कराकर विद्युत प्रवाह्युक्त तारों को सुरक्षित अवस्था में स्थापित कराकर की गई कार्यवाही के संबंध में जवाब मांगा है।

5 मार्च तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

# संविदा स्वास्थ्य कर्मियों के तबादले के रास्ते खुले




भोपाल, दोपहर मेट्रो।

संविदा स्वास्थ्य कर्मियों के तबादले के रास्ते खुल गए हैं। ये 5 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसकी शुरुआत मंगलवार सु से हुई है। यह सुविधा मप्र राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत संविदा कर्मियों के लिए ही है। ये संविदा स्वास्थ्य कर्मी लंबे समय से तबादले के लिए परेशान थे और अलग-अलग स्तर पर ऑफलाइन आवेदन कर रहे थे। यह बात उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के संज्ञान में आई तो उन्होंने तबादलों के लिए व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मप्र की मिशन संचालक प्रियंका दास ने वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा के बाद यह व्यवस्था बनाई है।

एनएचएम मिशन मप्र की संचालक प्रियंका दास ने बताया कि प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत संविदा कर्मचारियों के स्थानांतरण की व्यवस्था की है। आवेदन विभागीय वेबसाइट hrmis.nhmmp.gov.in पर 5 मार्च को शाम 5 बजे तक ऑनलाइन कर सकेंगे।

## इन्हीं का होगा तबादला

एक वर्ष पूर्व संविदा पर नियुक्त एवं स्थानांतरित संविदा कर्मचारी ही ऑनलाइन आवेदन कर सकेगें। तबादले के लिए उक्त अवधि में प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों पर ही विचार होगा।

रेलवे ने स्टेशन परिसर में कराए थे शुरू, कोई चालू नहीं

# रेलवे के कोच रेस्टोरेंट की निकली हवा, 70 फीसद बंद

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

कोच रेस्टोरेंट की हवा निकल गई है। 70 फीसद बंद हो चुके हैं। रेलवे ने एक वर्ष पहले तक इन्हें बड़े धूमधाम से चालू कराया था कई स्टेशनों पर तो ठेकेदारों से इन रेस्टोरेंट के नाम पर लाखों रुपये का राजस्व भी ले लिया था लेकिन ये एक वर्ष भी नहीं टिक सके और इन्हें बंद करना पड़ा।

असल में एक पुराने कोच के अंदर ये रेस्टोरेंट चालू किए गए थे, जिनमें कई खामियां थी, जगह कम होना, एक ही कोच में रसोई चलाना और उसी में यात्रियों को भोजन, नास्ता करना सुविधा जनक नहीं था। यात्रियों का अनुभव ठीक नहीं होने के कारण कोई इस ओर जाना पसंद नहीं कर रहे थे, ठेकेदारों को लगातार नुकसान हो रहा था इसलिए कई ठेकेदारों ने तो घाटे में जाने के बावजूद ठेका सरेंडर कर दिया। अब हालत यह है कि जोन में गिने-चुने कोच रेस्टोरेंट ही बचे हैं, रेलवे के अधिकारी भी इस दिशा में कोई बात नहीं करना चाहते।



फाइल फोटो

## रेलवे के अधिकारियों ने साधी चुप्पी

कोच रेस्टोरेंट को लेकर रेलवे के अधिकारियों ने चुप्पी साध ली है। चूंकि ठेकेदारों ने जो राशि जमा कराई थी उसके लिए ठेकेदार परेशान हो रहे हैं। कुछ अधिकारियों ने बैलेंस शीट में अपना कद्द बढ़ाने के लिए आनन-फानन में ये रेस्टोरेंट खोलने की जल्दी दिखाई थी।

## ये खामियां भी रही

- कोच रेस्टोरेंट यात्रियों की पहुंच में नहीं थे। इन्हें स्टेशन परिसर में ऐसे स्थानों पर खोला गया था जहां यात्रियों का आना-जाना बहुत ही कम हो रहा था।
- इनमें बैठने की जगह नहीं थी, सपोगेशन हो रहा था।
- यात्री प्लेटफार्म पर संचालित रेस्टोरेंट व स्टॉलों को ही पसंद करते हैं, क्योंकि ट्रेनों से उतरकर जरूरत की खानपान सामग्री लेना आसान होता है, कोच रेस्टोरेंट तक ट्रेनों में सफर करने वाले नहीं पहुंच पाते थे।

एमपी बोर्ड: 12वीं के मेथमेटिक्स में बने दो नकल प्रकरण, एक भोपाल में दर्ज

# दसवीं-बारहवीं का आज नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क का पेपर

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा दसवीं का बुधवार को नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क के समस्त विषय एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा बारहवीं का नेशनल स्किल क्वालीफिकेशन फ्रेमवर्क के समस्त विषय, शारीरिक शिक्षा का पेपर हुआ। परीक्षा का समय सुबह 9 से 2 बजे के रहा। परीक्षा केंद्रों पर सख्त जांच के बाद विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया। मंगलवार को कक्षा बारहवीं का मैथमेटिक्स का पेपर आयोजित हुआ। इस दौरान निरीक्षण दल द्वारा भोपाल में एक और मुरैना में एक नकल प्रकरण बनाया गया।


फाइल फोटो

**डीएलएड परीक्षा के लिए 4 मार्च से आवेदन, 16 से लगेगा विलंब शुल्क : भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने सत्र 2023-24 की डीएलएड प्रथम और द्वितीय वर्ष की परीक्षा के लिए 4 मार्च से आवेदन शुरू होंगे। मंडल द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, इस परीक्षा के लिए 15 मार्च तक सामान्य शुल्क के साथ यह आवेदन भरे जाएंगे। वहीं 16 मार्च से 20 मार्च तक 500 रूपए विलंब शुल्क के साथ विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे। इसके अलावा 21 से 25 मार्च तक एक हजार रूपए और 26 से 30 मार्च तक 1500 रूपए विलम्ब शुल्क के साथ भी आवेदन फार्म भरे जा सकेंगे।



**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के जन्मदिन पर कोलार सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में जिला कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष तथा माँ वैष्णोदेवी उत्सव एवं जनकल्याण समिति के अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़ के नेतृत्व में मरीजों को फल वितरण किए गए। पिछले दस वर्ष से यह सिलसिला लगातार चल रहा है।

## बापूजी रहे सेहतमंद, साधकों ने की सामूहिक प्रार्थना

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।** संत आशाराम बापूजी के स्वास्थ्य के लिए साधकों ने संतनगर में सामूहिक प्रार्थना की। साथ ही साधकों ने गुरु प्रार्थना एवं वैदिक रीति से रामायणजी का पाठ किया। आयोजन समिति के हरीश मेहरचंदानी कहा कि बापू को एक झूठे केस में पिछले 11 वर्षों से जोधपुर जेल में रखा गया है। आज तक उन्हें एक दिन की बेल या पेरोल नहीं मिली है। दूसरी तरफ बड़े-बड़े क्रिमिनल आसानी से बेल पर बाहर घूम रहे हैं, लेकिन बापू को 86 वर्ष की आयु व अनेक प्राण घातक बीमारियों के बावजूद एक दिन के लिए भी राहत नहीं दी गई, जो कि एक बहूत बड़ा षड्यंत्र है। बापू पिछले 50 वर्षों से समाजोत्थान के कार्यों में संलग्न हैं। इसीलिए सनातन विरोधी ताकतों ने बापूजी को झूठे केस में फंसाया है। आयोजन समिति के सदस्यों ने शुभ संकल्प के उपरांत सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

# संस्कार स्कूल में हुआ हनुमान चालीसा का पाठ

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

संस्कार स्कूल में हर मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ होता है। बच्चे और शाला परिवार के सदस्य सस्वर चालीसा का पाठ कर हनुमानजी की साधना करते हैं।

इसी के चलते मंगलवार को प्रातः प्रार्थना के समय संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव, राष्ट्रीय सिख संगत के महामंत्री बिहारीलाल ने एक हजार बच्चों के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया।

सचिव बसंत चेलानी ने बताया कि हर मंगलवार को प्रार्थना सभा में हनुमान चालीसा का पाठ किये जाने की परंपरा शुरू की गई है। बच्चों को सनातन भावना से जोड़ना उद्देश्य है। लंबे समय से चालीसा पाठ करने से बच्चों को अब कंठस्थ चालीसा याद हो गई है।

राष्ट्रीय सिख संगत बिहारीलाल ने कहा कि



आप प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ करते है और हनुमानजी का गुणगान करते है परन्तु प्रभु का आचरण धारण करने के लिए तीन गुणों का होना आवश्यक है पहला बुद्धि, दूसरा बल और तीसरा विद्या। उन्होंने कहा कि संस्कार विद्यालय नाम के अनुरूप ही कार्य कर रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मिश्रा, उपप्राचार्या मीनल नरयानी, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थिगण उपस्थित थे।

## हनुमानजी को चूरमे का भोग लगाया गया

**हिरदाराम नगर।** बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी के पांच मंगलवार संकल्प पूर्ण होने पर मां गायत्री मंदिर में हनुमानजी को चोला एवं सिन्दुरीकरण कर चूरमे का भोग लगाया। हनुमान महाराज जी की आरती की गयी। देवानी ने बताया कि राजस्थान के सालासार मंदिर में हनुमान महाराज जी को चूरमे का भोग लगाया जाता है। आरती में समिति के अर्चक पुरोहित राज कुमार गर्ग, अध्यक्ष कमलेश देवानी, महासचिव राजेश केवलानी, वासु देवानी, मानव देवानी उपस्थित थे।

मेट्रो एंकर | सेवासदन नेत्र चिकित्सालय ने भरा सुफिया के अंधेरे जीवन में उजाला

# पांच साल में खोई आंखों की रोशनी वापस मिली सेवासदन में

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

सुफिया हरदा से पांच किमी दूर मगरधा रोड पर ग्राम रेहटा खुर्द का रहने वाला है। सुफिया की उम्र 9 वर्ष है और वह कक्षा तीसरी का छात्र है। बीते 4 वर्ष से सुफिया को दिखना बंद हो गया था। पहले उसकी आंखों में खारिश चलती थी, आंखों को मसलने के कारण उसकी नज़र तेजी से कम हो गई। सुफिया को पढ़ने लिखने में भी दिक्कत होने लगी। एक स्थिति ऐसी आई कि उसे कुछ भी नहीं दिखाई देता था। पिता ने हरदा के एक डॉक्टर को दिखाया परंतु उसे कोई फायदा नहीं हुआ। बाद में हरदा में ही सेवा सदन अस्पताल द्वारा संचालित विज़न सेंटर के ऑप्टोमेट्रिस्ट ने फारूख को संत नगर स्थित सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में उसके पुत्र को दिखाने का सुझाव दिया।

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में सुफिया की



आंखों का परीक्षण कॉर्निया स्पेशियलिस्ट डॉ. प्रेरणा उपाध्याय ने किया और पाया कि उसके दोनों कॉर्निया खराब हो गये हैं और अब कॉर्निया ट्रान्सप्लान्टेशन के अलावा कोई इलाज नहीं हो सकता। डॉ. प्रेरणा ने पांच माह पूर्व बालक सुफिया की बाई आंख का कॉर्निया प्रत्यारोपण किया। सुफिया को इस ऑपरेशन का बड़ा फायदा हुआ, और अब वह फिर से स्कूल भी जाने लगा है।

सुफिया का पूरा कुनबा उसकी आंख में रोशनी आने से बहुत खुश है, वह अपने अम्मी अब्बू का इकलौता बेटा है। फारूख, भवन निर्माण में राज मिस्त्री का काम करते हैं और औसतन 15 हजार रूपये महीना कमा लेते हैं। आंख की रोशनी खत्म हो जाने के कारण बच्चे का जीवन दांव पर लग गया था, पढ़ाई लिखाई रूक गई थी। पूरे कुनबे को इस बात की चिन्ता थी कि यह बालक बड़ा होकर कैसे अपना जीवन यापन कर पाएगा। डॉ. प्रेरणा उपाध्याय ने बालक सुफिया की बांयी आंख के कॉर्निया का प्रत्यारोपण कर उसे प्रकृति की इस खूबसूरत दुनिया को देखने के लायक बना दिया है।

सीआरपी रहवासी विस्थापन मामला, ज्ञापन सौंपा

# विस्थापन की मांग को लेकर सिंधी पंचायत मिली डीआरएम से

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

सी.आर.पी में पटरी के पास दशकों से रह रहे रहवासियों को रेलवे ने नोटिस जारी कर 15 दिन में जमीन खाली करने को कहा है। मामले में मंगलवार को पूज्य सिंधी पंचायत के नेतृत्व में रहवासियों ने मंडल रेल प्रबंधन भोपाल को ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व पूज्य सिंधी पंचायत के महासचिव माधू चांदवानी ने किया। रहवासी हेमन्त सावलानी, मनोहर बेलानी, वासदेव भंभानी, नंद फबियानी ने डीआरएम को ज्ञापन सौंपा। डी.आर.एम. देवआशीष त्रिपाठी ने कहा कि पट्टे देने व बसाने का कार्य मध्यप्रदेश सरकार का है। हमने म.प्र. सरकार से जमीन मांगी है कि



हमे यह जमीन दिलाई जाए जिससे हम संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन को आदर्श स्टेशन बना सके व आसपास विकास कार्य कर सके। जिस पर मप्र शासन ने हमे आश्वस्त किया है कि शीघ्र ही जमीन आपको खाली करवा दी जाएगी व यहां के रहवासीयो का विस्थापन किया जाएगा। विस्थापन के पश्चात ही रेलवे कार्य शुरु किया जाएगा। विधायक रामेश्वर शर्मा जी से चर्चा हो चुकी है। श्री शर्मा जी इस संबंध में रेलवे व शासन अधिकारियो के संपर्क में है।

Government of Madhya Pradesh

MPIDC
MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.


Narendra Modi
Prime Minister

# INVEST MADHYA PRADESH

REGIONAL INDUSTRY CONCLAVE
1-2 March, 2024 - Ujjain


Dr. Mohan Yadav
Chief Minister

## WELCOME TO REGIONAL INDUSTRY CONCLAVE UJJAIN

**CONCLAVE HIGHLIGHTS**

BUYER & SELLER MEET | EXHIBITION | 5 THEMATIC SESSIONS

| Foreign Delegates: | Industry Participants: | Thematic Sessions: | Buyers and Sellers: | B2B Meetings: |
|---|---|---|---|---|
| 30+ from 10 Countries | 650+ Prominent Industrialists | 5 Sessions with 25 Industry Leaders | 3000+ | 1000+ |

**FOREIGN DELEGATES**


USA, Canada, Fiji, Germany, Gabon, Israel, Japan, South Korea, Singapore, Zambia



## MADHYA PRADESH THE FUTURE READY STATE

https://invest.mp.gov.in/

Knowledge Partner
EY Building a better working world

National Partner
CII Confederation of Indian Industry

D11219/23

Released by the Department of Public Relations, M.P.

## सुविचार

"मनुष्य को हमेशा मौका नहीं ढूंढना चाहिये, क्योंकि जो आज है वही सबसे अच्छा मौका है।"

-अज्ञात

## संपादकीय

# आंकड़े, खर्च और महंगाई का बोझ

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के ताजा घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण के मुताबिक मौजूदा कीमतों पर शहरी क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति औसत घरेलू खर्च 2011-12 के 2,630 रुपए से बढ़ कर 2022-23 में दोगुने से अधिक यानी 6,459 रुपए हो गया है। इसी तरह ग्रामीण इलाकों में यह 1,430 रुपए से बढ़कर 3,773 रुपए हो गया है। अर्थव्यवस्था के तेज विकास और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने के दावों के बीच हकीकत यह है कि पिछले बारह-तेरह साल में लोगों का घरेलू खर्च बढ़ कर दोगुने से अधिक हो गया है। अब यह भी जाहिर हुआ है कि गैर-खाद्य वस्तुओं पर खर्च बढ़ा है, जबकि खाद्यान्न पर खर्च पहले की तुलना में कम हुआ है। फलों, सब्जियों, दूध, मछली, खाद्य तेल आदि पर खर्च बढ़ा है। इसी तरह शिक्षा, स्वास्थ्य, मनोरंजन, कपडे व दूसरी जरूरी उपभोक्ता वस्तुओं पर खर्च बढ़ा है। इसकी एक वजह तो यह बताई जा रही है कि कोविड के समय शहरों से गांवों की तरफ लौटे लोगों के कृषि क्षेत्र में समाहित हो जाने से उस क्षेत्र का औसत उपभोग खर्च बढ़ा है। मगर यही तर्क शहरी खर्च बढ़ने पर लागू नहीं होता। यह आलम तब है, जब सरकार लगातार महंगाई पर काबू पाने का प्रयास कर रही है। इन आंकड़ों के बीच दावा यह भी है कि गरीबी में पांच फीसद की कमी आई है। बहुआयामी गरीबी से करीब तेईस करोड़ लोगों के बाहर निकलने का आंकड़ा भी कुछ दिनों पहले चर्चा में था। इन सबके बीच एक तथ्य यह भी है कि प्रति व्यक्ति आय में कोई उल्लेखनीय बढ़ोतरी नहीं हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति मासिक आय भी लगभग उतनी ही है, जितना प्रति व्यक्ति मासिक खर्च है। इससे प्रति व्यक्ति आय और प्रति व्यक्ति खर्च का समीकरण संतुलित नहीं होता। ज्यादातर परिवारों में एक ही व्यक्ति कमाने वाला होता है, जबकि उस पर निर्भर औसतन तीन लोग होते हैं। इन्हीं आंकड़ों के बीच सरकार का दावा है कि वह बयासी करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराती है। यानी प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू व्यय के औसत में इस आबादी का हिस्सा भी शामिल है। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि चूंकि यह सर्वेक्षण ग्यारह सालों बाद आया है, इसलिए इसमें प्रति व्यक्ति खर्च ऊंचे स्तर पर नजर आ रहा है। महंगाई और प्रति व्यक्ति खर्च बढ़ना एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था की निशानी माना जाता है। मगर इसके साथ-साथ प्रति व्यक्ति आय में भी समतुल्य बढ़ोतरी दर्ज होना आवश्यक है। मगर प्रति व्यक्ति आय उस अनुपात में नहीं बढ़ रही है, जिस अनुपात में महंगाई और घरेलू खर्च बढ़ रहा है। इसकी बड़ी वजह रोजगार के नए अवसर सृजित न हो पाना और कोविड के दौरान बाहर हुए लोगों का वापस रोजगार में न लौट पाना है। जो लोग कृषि क्षेत्र में समाहित हो गए हैं, उन्हें भी दैनिक मजदूरी उपलब्ध नहीं हो पाती। हालात यह है कि खुद कृषि क्षेत्र संकटों से गुजर रहा है। मौसम की मार से फसलों के बर्बाद होने और लागत के अनुपात में फसलों की वाजिब कीमत न मिल पाने की वजह से इस क्षेत्र में मजदूरी घटी है। मनरेगा जैसे कार्यक्रमों में भी काम सौ दिन से घटकर मुश्किल से साल में साठ दिन मिल पाता है। आंकडे चाहे कुछ भी कहें, बाजार के गुलजार होने के दावे चाहे जितने हों लेकिन कम आय या स्थिर आय के बीच महंगाई से लोग किस कदर परेशान हैं यह अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं हैं।

## आज का इतिहास

- 1744 – रॉयल सोसायटी आफ लंदन के सदस्य फ्रांस के प्राकृतिक दर्शनशास्त्री जॉन थियोफिलस डेजाग्युएलिये का निधन हुआ था।
- 1780 – ओमिक्रान डेल्टा ओमेगा सह-एड बिरादरिन की स्थापना बेंजामिन फ्रैंकलिन ने की थी।
- 1840 – आधुनिक पनडुब्बी के जनक आयरिश -अमेरिकी वैज्ञानिक जॉन फ़्लिप हॉलैण्ड का जन्म हुआ।
- 1860 – हरमन होल्लेरिथ ने सारणी मशीन का आविष्कार किया।
- 1896 – पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई का जन्म हुआ था, मोरारजी देसाई भारत के छठे प्रधानमंत्री थे।
- 1928 – अमेरिकी कवयित्री , लेखिका और पुस्तकालय संचालिका इनका डोन्ना कूलब्रिद का निधन हुआ।
- 1936 – नेचर पत्रिका ने नील्स बोर के बाउल आफ बॉल्स के बारे में छापा था।
- 1960 – मोरक्को के दक्षिणी शहर अगादीर में आए भीषण भूकंप में हज़ारों लोगों की मौत हो गयी। इस भूकंप की तीव्रता 6.7 थी।
- 1984 – कैनेडियन प्रधान मंत्री, पियरे ट्रूडो ने सेवानिवृत्ति की घोषणा की।
- 1996 – 4 साल तक लगातार गोलीबारी और हमलों के बाद बोसनिया की राजधानी सरायेवो की घेराबंदी ख़त्म हो गयी।
- 2004 – अंतार्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के यात्री मिशेल फोएल का अलेक्जेंडर केलरी अंतरिक्ष में उतरे, पर अंतरिक्ष सूट में ख़राबी के कारण पुनः वापस स्टेशन लौट गये।
- 2008 – प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. बच्चन सिंह को अनुवाद के लिए वर्ष 2008 का साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया।
- 2012- ट्यूमर से पीड़ति वेनेजुएला के राष्ट्रपति ह्यूगो चावेज़ के श्रोणि से ट्यूमर निकाले जाने के बाद वे ठीक हो गए।
- 2012 -दुनिया के सबसे ऊंचे टावर और दूसरी सबसे ऊंची संरचना, टोक्यो स्काईट्री का निर्माण पूरा हो गया।

## निशाना

### नहीं किए वो काम!



– कृष्णेन्द्र राय

*है लगा आरोप ।*
*नहीं किए वो काम ।।*
*इधर-उधर की बातें ।*
*बस केवल तमाम ।।*
*मिले हमें यदि मौका ।*
*कर अलग दिखलाना ।।*
*चाह रहे हैं हम ।*
*उसको ही बताना ।।*
*एक बार तो ध्यान से ।*
*सुन ले आप ज़रूर ।।*
*बोल रहे हैं दिल से ।*
*ना इसमें गुरूर ।।*
*ना है यदि भरोसा ।*
*करवा लें पड़ताल ।।*
*उनकी ही वजह से ।*
*आज बुरा यह हाल ।।*

# संघीय मूल्यों की खातिर टालने होंगे टकराव के हालात

## जरूरी है असहमति को सुनना और असंतोष का शमन

■ रामचंद्र गुहा

वर्ष 2019 के बाद जब से नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी भारी बहुमत के साथ सत्ता में वापस लौटी है, केंद्र सरकार और गैर-भाजपा शासित राज्यों के बीच टकराव बढ़ गए हैं। विशेष रूप से तीन राज्य इस संघर्ष के केंद्र में रहे हैं-पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल। सभी मामलों में केंद्र द्वारा नियुक्त राज्यपाल केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी की ओर से पक्षपातपूर्ण ढंग से काम करते प्रतीत होते हैं। इन राज्यों का दावा है कि केंद्र ने उन्हें उनके राज्य का पैसा देने से इनकार कर दिया है, उनके राज्य की सांस्कृतिक विरासत की उपेक्षा की है आदि।

हाल के महीनों में दो अन्य राज्य असहमतों के इस क्लब में शामिल हो गए हैं। ये हैं- पंजाब और कर्नाटक, जहां क्रमशः आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की सरकार है। पंजाब के राज्यपाल वहां के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के साथ भिड़ गए। जहां तक कर्नाटक की बात है, पिछले मई में जब से कांग्रेस सत्ता में लौटी है, उसकी सरकार का केंद्र से कई बार टकराव हो चुका है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उप-मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मोदी सरकार पर राजस्व के संबंध में कर्नाटक के खिलाफ भेदभाव करने और सूखे से प्रभावित किसानों की दुर्दशा के प्रति उदासीन रहने का आरोप लगाया है। हाल ही में सिद्धारमैया और शिवकुमार ने नई दिल्ली में जंतर मंतर पर एक विरोध बैठक आयोजित कर अपना मामला राष्ट्रीय राजधानी में उठाया। कुछ दिनों बाद केरल के मुख्यमंत्री ने अपने राज्य कीओर से इसी तरह के विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और पंजाब में कुल मिलाकर 30 करोड़ से ज्यादा लोग रहते हैं। वे भारत की आबादी के पांचवें हिस्से से अधिक हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं लैंगिक समानता के मामले में केरल और तमिलनाडु देश के सबसे प्रगतिशील राज्यों में से हैं। तमिलनाडु एक औद्योगिक ऊर्जा केंद्र भी है। कर्नाटक लंबे समय से वैज्ञानिक शोध के मामले में अग्रणी रहा है और हाल के दशकों में सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव-प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में भी। जब हमारे ऊपर अंग्रेजों का शासन था, तब बंगाल के कुछ सबसे बहादुर लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लिया। आजादी के बाद से इस राज्य ने हमें कुछ बेहतरीन संगीतकार, फिल्म निर्माता और विद्वान दिए हैं। पंजाब के सिखों ने हमारी खाद्य सुरक्षा और हमारे सशस्त्र बलों में आनुपातिक रूप से भारत के किसी भी अन्य समुदाय की तुलना में कहीं अधिक योगदान किया है।

पांच राज्य, जिनमें से प्रत्येक का हमारे देश के अतीत एवं वर्तमान में विविध और विशिष्ट योगदान है तथा प्रत्येक राज्य में भाजपा से भिन्न पार्टियों की सरकारें हैं, क्या राज्यों एवं संघ के बीच चल रहा मौजूदा विवाद वास्तव में हमारे देश के हित में है?

इससे पहले कि मैं उस प्रश्न का उत्तर दूं, हाल ही में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की कुछ टिप्पणियों पर ध्यान दें, जिनमें उन्होंने इच्छा व्यक्त की कि अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को संसद में लगातार तीसरी बार बहुमत न मिले। फरवरी की शुरुआत में अपने राज्य के अंतरिम बजट के दौरान रेड्डी ने कहा कि अगर केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी अपने अस्तित्व के लिए दूसरों दलों पर निर्भर रहती है तो आंध्र प्रदेश को विशेष दर्जा दिए जाने की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करने की बेहतर संभावना होगी। ममता बनर्जी, एमके स्टालिन या पिनरई विजयन के विपरीत आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कभी भी नरेंद्र मोदी, भाजपा या केंद्र सरकार के प्रति टकराव का रुख नहीं अपनाया। लेकिन अब वह भी गैर-भाजपा शासित राज्य सरकारों के प्रति मोदी सरकार के अहंकारी, दबंग और वास्तव में सत्तावादी रवैये को लेकर चिंतित दिख रहे हैं।

हालांकि यह कहना मुश्किल है कि क्या जगन रेड्डी की धीरे-धीरे आलोचनात्मक मुद्रा और अधिक उग्र विरोध में तब्दील हो जाएगी या क्या तेलंगाना के नए कांग्रेसी मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, कर्नाटक में अपने पार्टी सहयोगियों के साथ मिलकर केंद्र से अधिक कर राजस्व और निष्पक्ष व्यवहार की मांग करेंगे। भले ही ये दोनों मुख्यमंत्री अलग रहें, लेकिन भाजपा के प्रभुत्व वाली केंद्र सरकार और गैर-भाजपा शासित राज्यों- पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक और पंजाब के बीच चल रहा टकराव बेहद चिंताजनक है, जो मुझे पहले पूछे गए प्रश्न पर वापस लाता है।



इन टकरावों के कहां तक जाने की संभावना है? प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री के कथनी और करनी को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा किसी भी आधार पर इन राज्यों की मांगों को स्वीकार नहीं करना चाहती। इनके तीन तरीके हैं, जिनसे यह अन्य दलों द्वारा शासित राज्यों के हितों और इच्छाओं के खिलाफ खुद को और भी मजबूती से स्थापित करना चाहती है।

पहला है, अपनी एड़ी-चोटी का जोर लगाना, और विपक्ष द्वारा नियंत्रित राज्यों को संसाधनों से वंचित करने और उनके स्वायत्त कामकाज पर और अधिक अंकुश लगाने के लिए उन शक्तियों का उपयोग करना, जिन्हें केंद्र ने कोविड महामारी के बाद से हड़प लिया था। दूसरा, नागरिकों से अगले विधानसभा चुनाव में अन्य पार्टियों के बजाय भाजपा को वोट देने के लिए कहना, इन राज्यों के निवासियों से वादा करना कि यदि वे 'डबल इंजन सरकार' चुनते हैं तो उनके साथ अधिक अनुकूल व्यवहार किया जाएगा। तीसरा है, सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग करके अन्य दलों के विधायकों को भाजपा में शामिल होने के लिए प्रेरित करना। ये तीनों तरीके अक्सर एक साथ काम करते हैं। भाजपा दो या दो से अधिक विपक्षी गठबंधन वाली राज्य सरकार को तोड़ने में सक्षम रही है, जैसा 2019 में कर्नाटक में, 2022 में महाराष्ट्र में, हाल ही में उसने बिहार में किया है। लेकिन जहां गैर-भाजपा पार्टी बहुमत में है, जैसे कि पश्चिम बंगाल, केरल या तमिलनाडु, वह सरकारगिराने में विफल रही है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल की वैध रूप से निर्वाचित सरकारों के खिलाफ केंद्र की स्पष्ट शत्रुता के परिणामस्वरूप कई बंगालियों, तमिलों और मलयाली लोगों में गहरी (और मेरे विचार से काफी हद तक उचित) नाराजगी है। गोदी मीडिया में भारत की संघीय व्यवस्था पर तनाव की कभी चर्चा नहीं होती। फिर भी विचारशील भारतीयों को पार्टी संबद्धता की परवाह किए बिना ऐसे मामलों पर अधिक ध्यान देना चाहिए, जो हमारे गणतंत्र के भविष्य के लिए कोई शुभ संकेत नहीं है।

**साभार: लेखक के अपने विचार हैं..**

# एक तरफ उसका घर, एक तरफ मयकदा

## 'ऐ मेरे वतन के लोगो।' उनके गीत से लोगों की आंखें नम हो गईं। दर्शकों में से एक आदमी ने इनाम में उन्हें 51 रु. दिए।

■ हेमंत पाल

फिल्मी दुनिया से आजकल दिल दुखाने वाली ख़बरें कुछ ज्यादा ही आ रही हैं। ऐसी ही एक खबर ने लोगों को चौंका दिया। ये थी 'चिट्ठी आई है' जैसी लोकप्रिय ग़ज़ल के गायक पंकज उधास का निधन। जिन चंद गायकों ने फ़िल्मी ग़ज़लों को जन-प्रसिद्धि दिलाई, उनमें जगजीत सिंह के अलावा पंकज उधास ही थे। जब ये खबर सामने आई तो लोगों के सामने उनका वो चेहरा घूम गया, जो उन्होंने 'नाम' फिल्म में परदे पर देखा था। क्योंकि, 'चिट्ठी आई है' उन पर ही फिल्माया गया था, जिसने रातों-रात उन्हें चर्चित कर दिया। कहा जाता है कि जब ये ग़ज़ल रिकॉर्ड की जा रही थी, उस समय भी सबकी आंखों में आंसू थे। क्योंकि, ग़ज़ल के लिए जिस मखमली आवाज़ की जरूरत होती है वो पंकज उधास के पास थी। शुरू में पंकज का मकसद गायन में कैरियर बनाना नहीं था। ये 1962 की बात है, जब भारत-चीन युद्ध चल रहा था। उस समय पंकज उधास ने अपनी पहली स्टेज परफॉर्मेंस दी। उन्होंने गाया 'ऐ मेरे वतन के लोगो।' उनके गीत से लोगों की आंखें नम हो गईं। दर्शकों में से एक आदमी ने इनाम में उन्हें 51 रुपये दिए।

पंकज को संगीत विरासत में मिला था। गुजरात के जैतपुर में जन्मे पंकज का परिवार राजकोट के पास चरखाड़ी कस्बे का रहने वाला था। दादा जमींदार और भावनगर के दीवान थे। पिता केशुभाई सरकारी कर्मचारी थे। पिता को इसराज नाम का एक वाद्य यंत्र बजाने में महारत थी और मां जीतूबेन को गाने का शौक था। इसके चलते पंकज उधास और उनके दोनों भाइयों में संगीत का बीज पल्लवित हुआ। उनके दोनों भाई मनहर उधास और निर्जल उधास संगीत की दुनिया में जाना-पहचाना नाम थे। स्कूल में पंकज के अच्छे गायन के बाद उनके परिवार को लगा कि पंकज भी संगीत में कुछ बेहतर कर सकते हैं। उनका एडमिशन राजकोट की संगीत एकेडमी में करा दिया गया। उन्हें भी मंच पर गाने के मौके मिलने लगे। लेकिन, पंकज का सपना तो फ़िल्मी दुनिया में अपनी जगह बनाना था। इसके लिए उन्होंने चार साल तक संघर्ष किया। पर, कोई ऐसा काम नहीं मिला जिससे उनकी पहचान बन सके। एक फिल्म 'कामना' जरूर मिली, जिसका एक गाना गाया भी, पर न तो फिल्म चली, न उनका गाया गाना। पहले ही मौके ने उन्हें इतना निराश किया कि उन्होंने देश छोड़कर विदेश में बसने का फैसला



कर लिया, पर उनको प्रसिद्धि मिली थोड़ी देर से।उनका यूं दुनिया से चले जाना, हर किसी के लिए किसी सदमे से कम नहीं है। गीतकार मनोज मुंतशिर ने अपना शोक व्यक्त करते हुए कहा कि आपके तीन कैसेट्स ने मुझे पहली बार ये बताया था कि ग़ज़ल क्या होती है। मेरे जैसे हज़ारों को कविता और शायरी की तमीज सिखाने वाले पंकज उधास जी, इतनी जल्दी आपका जाना बनता नहीं था ! अभी तो बहुत कुछ सीखना था आपसे ! जाने-माने गायक अदनान सामी ने दुख जताते हुए लिखा 'आज मेरे पास शब्द नहीं हैं। मैं बस इतना कह सकता हूं कि अलविदा प्रिय पंकज जी ज्मेरी बचपन की यादों का हिस्सा बनने के लिए आपने जो संगीत दिया उसके लिए धन्यवाद। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। ज्उनका म्यूजिक हमेशा जिंदा रहेगा। ये किस्सा भी मशहूर है कि राजेंद्र कुमार ने एक दिन राज कपूर को डिनर पर बुलाया। डिनर के बाद उन्होंने पंकज उधास की गाई 'चिट्ठी आई है' ग़ज़ल राज कपूर को सुनाई, तो वे रो पड़े। उन्होंने कहा कि इस ग़ज़ल को पंकज से बेहतर कोई दूसरा नहीं गा सकता।

पंकज उधास ने बहुत-सी ग़ज़लों को अपनी आवाज दी, लेकिन उनकी कुछ ग़ज़लें ऐसी हैं जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। फिल्म 'नाम' की 'चिट्ठी आई है' वो ग़ज़ल है, जिसने हर उस दिल को झनझना दिया था जो अपने घर से दूर थे। अपने घर से दूर होने का दर्द इस ग़ज़ल में जिस तरह छलकता है, उसका कोई सानी नहीं। 'चांदी जैसा रंग है तेरा सोने जैसे बाल' भी उनकी सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली ग़ज़लों में शामिल है। ये ग़ज़ल अपनी प्रेयसी की तारीफ का चरम है। इसके खूबसूरत अल्फाज़ अपनी जगह, पर पंकज उधास ने जिस तरह डूबकर 'चांदी जैसा रंग' गाया है वो कभी भूला नहीं। 'जिएं तो जिएं कैसे बिन आपके' एक सवाल है जिसका जवाब भी इसी ग़ज़ल में मिलता है। उनकी एक और ग़ज़ल है 'ए गमे जिंदगी कुछ तो दे मशवरा एक तरफ उसका घर एक तरफ मयकदा' ऐसा सवाल है जिसके घर के एक तरफ घर है और दूसरी तरफ मयकदा। 'ज्और आहिस्ता कीजिए बातें' ग़ज़ल में मोहब्बत टपकती-सी लगती है। इसमें कहा है दो दिल मिले और गुफ्तगू का सिलसिला छिड़ा हो, तो बातें आहिस्ता करना जरूरी है। ऐसा क्यों इसका जवाब पंकज उधास की आवाज से सजी ग़ज़ल देती है। पंकज उधास ने समाज की धारा से अलग बहकर फरीदा से शादी की थी। फरीदा एयर होस्टेस थीं। एक शादी में दोनों की मुलाकात हुई थी। पंकज को पहली नज़र में ही फरीदा पसंद आ गई। पहले दोस्ती हुई, फिर प्यार। लेकिन, फरीदा के परिवार को भी रिश्ता मंजूर नहीं था। वे दूसरे धर्म में लड़की की शादी नहीं कराना चाहते थे। पंकज उनके घर गए और खुद ही उनके पिता से अपने रिश्ते की बात की। उधास ने अपनी बातों से उनका दिल जीत लिया तो वे दोनों की शादी के लिए मान गए। उनकी आवाज में हर दिल को जीतने का अंदाज था। इसीलिए उनकी आवाज़ ने संगीत की हर शमा को रोशन किया। कहा जाता है कि जो आवाज हर टूटे दिल और तन्हा दिल को सुकून दे, वही ग़ज़ल है। लेकिन, दिल को छू लेने वाली वह रूहानी आवाज हमेशा के लिए रुखसत हो गई। पंकज उधास अब इस नश्वर दुनिया को छोड़कर चले गए। किंतु, जब भी शायरी, ग़ज़लों की महफिल सजेगी उनकी आवाज़ की कमी को हमेशा महसूस किया जाएगा।

**साभार**

# संगीता यादव बनी बीआरसी



**सिवनी मालवा।** जिला शिक्षा केन्द्र, पर आओजित लिखित परीक्षा उपरांत मैरिट सूची अनुसार, जिला शिक्षा केन्द्र नर्मदापुरम की अंतिम सूची अनुसार, पात्र पाये गये लोक सेवको प्रतिनियुक्ति पद हेतु (बी0आर0सी0 /ए0पी0 सी0 या दोनो पद हेतु दी गई सहमति) दी गई सहमति के आधार पर, शास. उमावि नेहरू स्मृति बनापुरा वि.खंड.सिवनी मालवा की श्रीमती संगीता राम यादव को विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र सिवनी मालवा बीआरसी के पद पर नियुक्त किया गया इस अवसर सभी शिक्षक साथियों ने बढ़ाई दी।

# शिक्षाविद रामलाल अवधिया का निधन



**सिवनी मालवा ।** वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र अवधिया के पिताश्री शिक्षाविद रामलाल अवधिया का 84 वर्ष की आयु में मंगलवार सुबह दुखद निधन हो गया। वे लंबे समय से गंभीर रूप बीमार चल रहे थे। उनका एम्स भोपाल में इलाज चल रहा था। उनकी अंतिम यात्रा हाउसिंग बोर्ड बड़े हनुमान मंदिर चौराहे स्थित निज निवास से दोपहर में राजघाट मुक्तिधाम के लिए निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या लोग शामिल हुए। अंतिम संस्कार के उपरांत शोकसभा हुई, सभी ने दो मिनिट का मौन धारण कर गहरा दुख व्यक्त किया। परिवार को असहनीय दुख सहन करने भगवान से प्रार्थना की। बही सिवनी मालवा में बाबूजी की आत्म शांति के लिए 2 मिनट का मोन रख श्रद्धांजलि दी गई इस अवसर पर पत्रकार विजय सिंह ठाकुर,संतोष सिंह चंदेल, वीरेंद्र तिवारी,अजय सिंह ठाकुर,करण सिंह ठाकुर,नंदकिशोर व्यास,अरुण कश्यप,केके यदुवंशी,विपिन मालवीय,राम दुबे, अंकुश गोयल,सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## आपसी रंजिश को लेकर हुआ बनखेड़ी विकासखंड में सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा

# चंदन पटवा की हत्या के आठों आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

आपसी रंजिश को लेकर बनखेड़ी विकासखंड के ग्राम चाँदौन निवासी चंदन पटवा को मौत के घाट उतारने वाले आरोपियों को पुलिस ने एक सप्ताह के अंदर गिरफ्तार करने में कामयाबी प्राप्त की है। पुलिस महानिरीक्षक इरशाद वली ने पुलिस दल को सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने पर उनके हौसला अफजाई पर रू.30000 इनाम देने की घोषणा की है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह ने प्रेस वार्ता कर उक्त घटना का खुलासा करते हुए बताया कि 2020 में हुई आपसी रंजिश को लेकर घटना हुई है। घटना के एक दिन पूर्व 19.02.24 को ग्राम बम्होरी के ढाबा पर शेवेन्द्र तिवारी, कार्तिक रघुवंशी, श्रीकान्त रघुवंशी, आकाश मिश्रा एवं राजेश दुबे द्वारा चंदन पटवा को जान से मारने के संबंध में योजना बनाई थी एवं घटना होने के बाद सुपियार शिल्पी, कार्तिक व श्रीकान्त को 20,000 रुपेय देने व घटना घटित करने के लिये माउजर शेवेन्द्र द्वारा स्वंय उपलब्ध कराने का बोला गया था। 20.02.24 को आरोपी कार्तिक रघुवंशी व श्रीकान्त रघुवंशी अपनी प्लेटिना मोटर सायकल से ग्राम सिमरिया थाना सिलवानी से घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से निकले थे, रास्ते में ग्राम साईखेडा के सोजनी मोड पर साथी रामजी नरगड़िया को लेकर ग्राम चांदौन पहुंचे, सुपियार शिल्पी निवासी कीरतपुर जिला रायसेन से अपनी स्कूटी में बैठकर चादौन पहुंचा, जहाँ पर हत्या की घटना को अंजाम देने हेतु पहले से ही शेवेन्द्र उर्फ पप्पू तिवारी उपस्थित मिला व श्रीकांत की मो.सा. एवं सुपियार शिल्पी की स्कूटी को खड़ी कराकर अपनी बलेनो कार में बिठा लिया। घटना के पूर्व शाम लगभग 05.30 बजे आरोपी शेवेन्द्र तिवारी की नीले रंग की बलेनो कार में बैठकर आरोपीयों द्वारा पटवा निर्माणाधीन पेट्रोल पंप से 200 मी. दूर गाड़ी खड़ी कर घटना का अंतिम प्रारुप तैयार किया। शाम 06 बजे के लगभग शेवेन्द्र तिवारी द्वारा चंदन पटवा को जान से मारने के लिए आरोपी कार्तिक रघुवंशी को 01 माउजर कारतूस सहित दिये व 01 माउजर कारतूस सहित अपने पास रखे। आरोपीगण शेवेन्द्र तिवारी की नीले रंग की बलेनो कार जिसे आरोपी श्रीकान्त रघुवंशी चला रहा था से घटना को अंजाम देने के लिए मृतक चंदन पटवा के निर्माणाधीन पेट्रोल पंप पहुंचे जहां पर चंदन पटवा को देखकर गाडी उसके पास लेजाकर गाडी खड़ी कर चालक आरोपी श्रीकांत के बगल वाली सीट पर बैठे आरोपी कार्तिक ने उतरकर चंदन पटवा के ऊपर जान से मारने की नियत से माउजर से 01 राउंड फायर किया गया। जिससे चंदन पटवा व आसपास के लोग हडबडाकर इधर उधर भागने लगे तब ड्रायवर सीट के पीछे बैठे शेवेन्द्र तिवारी द्वारा गाड़ी से उतरकर चंदव पटवा के ऊपर माउजर से 02 राउंड फायर किये जो चंदन पटवा को लगे। घटना देखकर निर्माणाधीन पेट्रोल पंप पर उपस्थित कर्मचारियों ने गाड़ी पर पत्थर फेके जिससे आरोपी बलेनो कार में बैठकर बनखेड़ी तरफ भाग गये। चंदन पटवा को पेट में दाहिने तरफ गोली लग गई, घायल होने से चंदन पटवा का ड्रायवर अफसर खान व अन्य लोग इलाज के लिये बनखेड़ी ले गये जहाँ से घायल चंदन पटवा को नर्मदापुरम् रेफर कर दिया गया। रास्ते में ही चंदन पटवा की मृत्यु हो गई। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि घटना के बाद वह लोग कपूरी रोड़ होते हुए झिकोली उदयपुरा होते हुए ग्राम वर्धा (शेवेन्द्र तिवारी के साढ़ू) आरोपी राजेश दुबे के घर पर सभी रुके व आरोपी दुबे को आरोपियों ने चंदन पटवा को गोली मारने की घटना से अवगत कराया। राजेश दुबे ने शेवेन्द्र तिवारी के लड़के सत्यम तिवारी को पूर्व से ही अपने घर बुला लिया था। सत्यम तिवारी ने पिता शेवेन्द्र तिवारी से कहा की घटना में गाड़ी पर पत्थर लगने के कारण गाड़ी का कांच टूट गया है, जिसके कारण अपन पकड़ा सकते हैं जिसे सुधरवा लेते हैं। तब राजेश दुबे, शेवेन्द्र तिवारी ने आकाश मिश्रा को फोन कर घटना के संबंध में जानकारी दी जिसके बाद सत्यम तिवारी, आकाश मिश्रा को गाड़ी सुधरवाने ले गया। शेवेन्द्र तिवारी व राजेश दुबे ने आरोपी सुपियार शिल्पी, कार्तिक रघुवंशी व श्रीकांत रघुवंशी को पैसे देकर कुछ दिन अपने घर से बाहर रहकर फरारी काटने को कहा, आरोपी कार्तिक व श्रीकांत घटना दिनाँक की दर्मियानी रात को शेवेन्द्र तिवारी के साथ राजेश दुबे के घर में रुके, सुपियार शिल्पी व रामजी नरगडिया रात में ही पैसे लेकर फरार हो गये थे। दिनांक 21.02.24 से सभी आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद फरार चल रहे थे, जिन्हें गठित टीमों द्वारा जिला भोपाल, रायसेन, कटनी, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर जाकर तलाश कर आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

**आईजी ने पुलिस टीम को दिया 30,000 का इनाम**



### वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी

शेवेन्द्र उर्फ पप्पू तिवारी उम्रन साल निवासी ग्राम चादौन थाना बनखेड़ी जिला नर्मदापुरम, कार्तिक पिता हितकिशोर रघुवंशी उम्र 21 साल निवासी ग्राम सिमरिया थाना सिलवानी जिला रायसेन,श्रीकान्त पिता मदन सिंह रघुवंशी उम्र 23 साल निवासी ग्राम चौका थाना सिलवानी जिला रायसेन, रामजी पिता महेश नरगड़िया उम्र 20 साल निवासी सांईखेडा थाना सिलवानी जिला रायसेन, सुपियार शिल्पी पिता धन सिंह उम्र 34 साल निवासी कीरतपुर थाना सिलवानी जिला रायसेन, राजेश दुबे उर्फ गुड्डू दुबे उम्र 48 साल निवासी वर्धा थाना सिलवानी जिला रायसेन, आकाश मिश्रा पिता विजय कुमार उम्र 27 साल निवासी कीरतपुर थाना सिलवानी जिला रायसेन, सत्यम पिता शेवेन्द्र तिवारी उम्र साल निवासी ग्राम चांदौन थाना बनखेड़ी जिला नर्मदापुरम को गिरफ्तार किया है।

### आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु टीमें गठित की गई

पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह के आदेशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशुतोष मिश्रा के निर्देशन में एवं एसडीओपी पिपरिया कल्याणी वरकडे एवं एसडीओपी सोहागपुर संजू चौहान के मार्गदर्शन में कुल 05 टीमें गठित की गई जिसमें निरीक्षक- 02 -सुधाकर बारस्कर, गिरीश त्रिपाठी उप निरीक्षक -06- आकाशदीप पचाया, सहादत अली, परसराम मालवीय, विवेक यादव, संजीव पवार, खुमान सिंह पटैल सहायक उप निरीक्षक-02- रेवाराम गौर, रामगोपाल बाथरे प्रधान आरक्षक , 395 चालक हरिओम रजक आरक्षक,51 पप्पू रघुवंशी, 743 आकाश रघुवंशी, 401 देवेन्द्र जाट, 24 शुभम दुबे, 688 संदीप, 646 अभिषेक पटेल, 535 महेन्द्र, 195 कीरत रघुवंशी, 647 नंदकिशोर, 750 शशिकांत, 519 अमर जूदेव, सायबर टीम आर. 816 अभिषेक, 905 संदीप शामिल रहे. पुलिस दल ने दिनाँक 26.02.24 को सिलवानी जिला रायसेन से आरोपी श्रीकान्त रघुवंशी, कार्तिक रघुवंशी एवं रामजी नरगडिया को, भोपाल से सुपियार शिल्पी को, जिला कटनी के थाना मुडवारा से आरोपी शेवेन्द्र तिवारी को, ग्राम वर्धा थाना सिलवानी जिला रायसेन से आरोपी आकाश मिश्रा, सत्यम तिवारी व राजेश दुबे को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। समस्त आरोपियों से विधिवत पुछताछ पर जुर्म स्वीकार करने पर थाना बनखेड़ी में गिरफ्तारी की गई।

# जन अभियान परिषद ने नर्मदा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत मां नर्मदा के पावन तट आंवली घाट में विद्यार्थियों के द्वारा नर्मदा घाट की साफ सफाई की गई घाट सफाई के बाद प्रत्येक विद्यार्थियों ने नेतृत्व विकास सामाजिक नेतृत्व कैसे करें स्वयं के नेतृत्व का विकास कौशल क्षमता कैसे बढ़ाएं एवम मां नर्मदा नदी के बारे में विस्तार से चर्चा की गई सभी विद्यार्थियों ने एक-एक करके विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। देश की वीरांगनाओं के बारे में प्रेरणादायक संदेश दिए देश के महापुरुषों के बारे में चर्चा की संत शिरोमणि रविदास, डा भीमराव अंबेडकर,स्वामी विवेकानंद, की जीवनी पर भी छात्रों द्वारा बात रखी गई।इस दौरान मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक हरिदास दायमा अपने विद्यार्थियों को बताया कि समाज की हर गतिविधि में नेतृत्व करें प्रतिनिधित्व करें और समाज के हित में किए जाने वाले कार्यों में आगे आए और पर्यावरण स्वच्छता शिक्षा, नशामुक्ति, स्वच्छता अभियान,जन जागरूकता पर कार्य करें शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए समुदाय को जागरूक करें एवं शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास भी करें। एमएसडब्ल्यू समाज कार्य में स्नातक कोर्स के माध्यम से अपनी बात को अपने गांव अपनी प्रयोगशाला में हर गतिविधि में शामिल होकर रख सकते हैं कार्यक्रम का संचालन रघुवीर मालवीय द्वारा किया गया अंकित मालवीय ने छात्रों को जानकारी दी की आप हर विषय पर अपनी समझ बढ़ाएं विभिन्न विषयों पर विषय विशेषज्ञ बने और बहुत अध्ययन करें और हर विषय पर पढ़ाई करें भारत देश के बारे में पढें देश के अखंडता एवं एकता पर पढ़े श्रीमती पूजा रघुवंशी ने विद्यार्थियों को सामाजिक कार्यकर्ताओं के कार्यों के बारे में जानकारी दी।

# जनसुनवाई में आए आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**



मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सोजान सिंह रावत ने अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई कर उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में आए 120 आवेदनों पर सुनवाई की गई। जनसुनवाई में ग्राम जमुनिया तहसील सोहागपुर वार्ड क्रं 16 के निवासी बालाराम आत्मज छोटेवीर द्वारा गरीबी रेखा के अंतर्गत राशन कार्ड बनाने के लिए आवेदन दिया गया, साथ ही कृषि भूमि पर जबरन कब्जा कर फसल की बोवनी करने के लिए ग्राम बाबई खुर्द निवासी शकुन बाई पत्नी स्वर्गीय बालू ने जनसुनवाई में अपना आवेदन प्रस्तुत किया दोनों प्रकरणों के निराकरण के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम सोजान सिंह रावत द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी प्रकार अन्य आवेदनों के लिए भी उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देश दिए। साथ ही पिछली जनसुनवाई में आए आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी भी ली। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर अनिल जैन, सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# छात्राओं ने सीखे आने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान करने के तरीके




**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 सिवनी मालवा में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। जिसको लेकर तहसील परिसर में ईवीएम प्रदर्शनी केंद्र बनाया गया है इसमें मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है मंगलवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय की 35 छात्राओं ने ईवीएम मे डमी मतदान किया मास्टर ट्रेनर्स रजनीश जाटव ने बताया की बीवीपैट एवं डमी ईवीएम से मतदाताओं को कैसे डालना है इसके बारे में उन्हें प्रैक्टिकल तौर पर बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मतदान करने के बाद मतदाता अपने द्वारा किए गए मतदान को बीवीपैट के माध्यम से भी देख सकते हैं। इसको भी डेमो से दिखाया जा रहा है मतदाताओं को डमी ईवीएम से प्रशिक्षण देने के लिए वैलिट यूनिट वीवीपैट एवं कंट्रोल यूनिट के साथ आने वाले लोगों के नाम रजिस्टर में भी अंकित कर उन्हें मतदान जागरूकता का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# टीकाकरण का नगर पालिका अध्यक्ष ने किया शुभारंभ , आंगनवाड़ी में लगेंगे बच्चों को टीके



**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

तेजी से फेल रही गंभीर बीमारी को रोकने हेतु वार्ड क्रमांक 13 के आंगनबाड़ी केंद्र में टीकाकरण अभियान का शुभारंभ कर बच्चो को वेक्सिनेशन किया जा रहा हैं। वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद डा श्रीमति किरण राठौर ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार ने तेजी से बड़ रही बच्चो में गंभीर बीमारी को रोकथाम हेतु स्वास्थ विभाग द्वारा प्रदेश के 4 जिला जिसमे नर्मदापुर के तहत सिवनी मालवा के वार्ड क्रमांक 13 में आज जेपानीस टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रितेश जैन विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री शिव राठौर ने मां सरस्वती की पुजन अर्चन कर टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

टीकाकरण कार्यक्रम सभी को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन ने कहा की महामारी की रोकथाम हेतु हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश के मुखिया डा मोहन यादव के प्रयासों से बच्चो में फेल रही इस जानलेवा बीमारी की रोकथाम हेतु पूरे प्रदेश में त्वरित टीकाकरण अभियान चलाकर इस गंभीर बीमारी से लडने हेतु कारगर कदम उठाया है। स्वास्थ विभाग के बीपीएम एमएल टेकाम ने इस बीमारी पर प्रकाश डालते हुए बताया की जीपानिस इंसेफेलाइटिस द्धद्द का टीका दिमागी बुखार एक गंभीर मानसिक विकलांगता उत्पन्न करने बाली बीमारी है जो की मच्छरों द्वारा फैलाई जाती है संक्रमण के बाद विषाणु मनुष्य के मस्तिष्क एवं रीड की हड्डी केंद्रीय न तंत्र मे के लिया घातक है।

**मेट्रो एंकर** पाठशाला में किसान भाई नरवाई न जलाए, विभागीय योजनाएं क्या है दी जाएगी जानकारी


# किसान भाइयों को जागरूक करने, गांव-गांव में किसान खेत पाठशाला का आयोजन

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**



जिले में किसान भाईयों को जागरूक करने के लिए जिले के प्रत्येक गांव में किसान खेत पाठशाला का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने किसान भाईयों को जागरूक करने व नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान व किसान भाइयों के लिए विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने के संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश जारी किये है।कलेक्टर सुश्री मीना ने उप संचालक कृषि, उद्यानिकी, पशु चिकित्सा, उपायुक्त सहकारिता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी बैंक, परियोजना संचालक आत्मा, कार्यक्रम समन्वयक कृषि विज्ञान केन्द्र, सह संचालक जोनल कृषि अनुसंधान केन्द्र, सहायक संचालक मत्स्य, बीज प्रमाणीकरण अधिकारी, जिला प्रबंधक एमपी एग्रो, प्रक्रिया प्रभारी बीज एवं फार्म विकास सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गाँव-गाँव जाकर किसान खेत पाठशाला का आयोजन करे तथा पूर्व में सघन प्रचार-प्रसार कराया जाना सुनिश्चित करें। पाठशाला में किसानों को जागरूक करे कि वे नरवाई को जलाकर नष्ट न करे और ऐसा करने से क्या नुकसान होता है इसकी जानकारी दें। खेत किसान पाठशाला प्रत्येक ग्राम में ऐसे स्थान पर आयोजित की जाए जहां पर किसानि तथा ग्रामीण समुदाय सामान्य रुप से एकत्रित हो सके।

रासायनिक खादों के युक्तियुक्त उपयोग के संबंध में जानकारी दी जाए ताकि भूमि की उपजाऊ क्षमता क्षीण न हो। पाठशाला में सर्वसंबंधित विभाग अंतर्गत दल गठित किया गया है जिसमें ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संबंधित विकासखंड कृषि विभाग नोडल अधिकारी रहेंगे तथा पशुपालन विभाग के समस्त सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी, उद्यानिकी विभाग के समस्त ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी, आत्मा के समस्त बीटीएम/एटीएम, राजस्व विभाग के संबंधित हल्का के समस्त पटवारी एवं जनपद पंचायत के समस्त ग्राम पंचायत सचिव सदस्य बनाए गए हैं। कलेक्टर सुश्री मीना ने सर्वसंबंधितो को उपरोक्तानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।







# एसडीएम व विधायक के वार्तालाप के बीच में विधायक ने एसडीएम के हाथ जोड़े व पैर पड़े







पिछले दिनों से वानप्रस्थ पर चल रहें विधायक उमाकांत शर्मा

**सिरोंज, सईद खान फरहान खान**

नगर के भाजपा विधायक उमाकांत शर्मा हमेशा से ही सुर्कियो में रहते है। वही मंगलवार जब वह पेयजल व अन्य समस्या को लेकर एसडीएम कार्यालय ज्ञापन सौपने पहुचे तो फिर एक बार सुर्कियो में आ गए उन्होने सरकारी अमले पर भी कई आरोप लगाए। विधायक उमाकांत शर्मा ने शहर की जल समस्या को लेकर ज्ञापन सौपा। वह ज्ञापन विधायक के लेटर पेट पर नही था आम नागरिक बनकर ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन के अंत में उमाकांत शर्मा के हस्ताक्षर के बाद एक आम नागरिक लिखकर ज्ञापन सौपा गया। यह समझ से परे है कि विधायक उमाकांत शर्मा ने अपने पद के लेटर पेट पर ज्ञापन क्यों नही सौपा। ज्ञापन देने के बाद सिरोंज के सभी अधिकारी कर्मचारियो में संनाटा खिच गया। ज्ञापन को कलेक्टर विदिशा के नाम प्रेसित कर एसडीएम हर्षल चौधरी को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन तहसील परिसर के बाहर खडें होकर दिया। ज्ञापन देते समय एसडीएम हर्षल चौधरी को विधायक उमाकांत शर्मा ने लगभग आधे घण्टे एक एक समस्या को लेकर बहस की और इस बीच उन्होने हाथ भी जोडें और निवेदन भी किया। साथ ही एसडीएम के पैर छूने लगें। ऐसा ही वाक्या पिछले दिनो केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित विकास यात्रा के दौरान एक गांव में जनपद पंचायत के अधिकारियो से निवेदन करके हाथ जोडे थे। आखिर ऐसा क्या मामला है कि सत्ता होते हुए भी विधायक को हाथ जोडकर अधिकारियों व कर्मचारियो से निवेदन करना पड़ रहा है। पिछले दो दिन पहले विधायक ने अपना घर छोडकर वानप्रस्थ ग्रहण किया है और स्वागत सतकार से भी दूरिया बनाई है। आखिर यह सब क्यों हो रहा है। आमजन अपने अपने तरीके से अपनी अपनी बाते कर रहें है।

**पेयजल प्रदान करने में की जा रही लापरवाही:** प्रशासन द्वारा नगर सिरोंज में पेयजल प्रदान करने में जनता की घन-घोर उपेक्षा एवं लापरवाही की जा रही है जबकि इस समस्या का व्यवहार पूर्ण तरीके से निराकरण किया जा सकता था लेकिन जब मैं स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों से बात करता हूं तो नगरीय नगर निकाय विभाग, राजस्व, सामान्य प्रशासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, सिंचाई विभाग एवं संबंधित अन्य विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों से संपर्क करते हैं तो वह सीधा सा उत्तर दे देते हैं हम तो अन्य सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों में व्यस्त हैं इसलिए हम कुछ नहीं कर पाएंगे उल्लेखनीय है कि अनुविभाग सिरोंज-लटेरी जिला विदिशा भोपाल संभाग स्तर पर भी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र की जल समस्याओं का समय पर निराकरण नहीं हो रहा है इसलिए जनता जनार्दन, नागरिकगण, उपभोक्तगण, माताएं-बहनें अत्यंत हताश निराश और परेशान हैं। सिरोंज-लटेरी विधानसभा क्षेत्र के अनेक ग्रामों में जल स्तर बहुत नीचे चला गया है अनेक ग्रामों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की भारी दुर्दशा है भारी लापरवाही है हैंडपंप एक-एक महीनें तक सुधारे नहीं जाते हैं।

### सिरोंज में जल संकट एंव अधिकारियों पर दर्जनो आरोपों के साथ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने तहसील कार्यालय पहुचकर एसडीएम हर्षल चौधरी को ज्ञापन सौपते हुए कहा कि विदिशा जिला के अंतर्गत सिरोंज एवं लटेरी तहसीलों में अल्प वर्षा होने के कारण सूखा ग्रस्त घोषित करने एवं जल समस्या निदान हेतु विशेष राशि तथा नगरीय क्षेत्र सिरोंज की पेयजल समस्या के निराकरण हेतु जनहित में यथायोग्य, अपेक्षित सुधार एवं सुविधा आवश्यक यथोचित कार्यवाही करने की मांग की। वही उन्होने कहा कि नगर में अत्यंत अल्प वर्षा हुई है इस कारण से सिरोंज के पेयजल स्त्रोतों हैंडपंप, कुआ, बावड़ी, बोर आदि अन्य जल स्त्रोतों का जल स्तर कम हो गया है एवं सिरोंज नगर में पेयजल परियोजना का मुख्य स्त्रोत केथन डेम में भी पर्याप्त पेयजल हेतु पानी की उपलब्धता नहीं है। उन्होने कहा कि मेरे द्वारा स्थानीय राजस्व, सामान्य प्रशासन एवं अनुविभागीय स्तर पर 30–40 बार निवेदन कर अवगत करा चुका हूं, किंतु नगरपालिका सीएमओ एवं सामान्य प्रशासन, स्थानीय तहसील का राजस्व प्रशासन, पी.एच.ई.लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, अनुविभाग तथा जिला स्तरीय प्रशासन समस्या का निदान करने में पूरी तरह विफल रहा है। मेरे द्वारा कलेक्टर विदिशा को दूरभाष पर अनेक बार उक्त सभी पेयजल संबंधी शहरी एवं ग्रामीण समस्यों से अवगत करा चुका हूं लेकिन समस्याओं का समाधान अभी तक नहीं हो पा रहा है मध्यप्रदेश की रीति– नीति सिद्धांत एवं मंशा के अनुरूप भी उक्त समस्याओं का निराकरण तत्काल जनहित में नहीं किया जा रहा है। जनता को 3–4 दिन तक अनेक स्थानों पर पेयजल नहीं मिल पा रहा है सिरोंज शहरवासी, जनता जनार्दन, माताएं–बहनें, रहवासी एवं नागरिकगण अत्यंत परेशान हैं तथा बार–बार नगरपालिका सीएमओ, एसडीएम एवं मेरे से सामूहिक रूप से शिकायत कर रहे हैं मेरे बार बार कहने के बाद भी निराकरण नहीं हो सका है पेयजल उपलब्ध कराने के लिए कोई समय सारणी का भी पालन नहीं हो पा रहा है।

### नगर पालिका व प्रशासन ने जल संकट को लेकर की दी व्यवस्था

सिरोंज में जल संकट को लेकर प्रशासन काफी दिनो से समस्या का हल करने का प्रयास कर रहा था। वर्तमान में नगर के कैथन डेम में 2.93 एमपीएम जल है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए मई जून में शहर में विकराल जल संकट आ सकता है। प्रशासन ने पिछले दिनो एक बैठक में सिरोंज के जनप्रतिनिधि,व्यापारिक प्रतिनिधि और पत्रकारो के साथ मिलकर आम सहमति से बुधवा व शनिवार को जल प्रदाय बंद करने निर्णय लिया गया था। नपा ने सिरोंज के विभिन्न कुओं में सफाई करवाई गई और कई कुओं से कीचड साफ कराकर कई कुओं में मोटर भी डलवाई गई। जानकारी अनुसार नपा ने चार नए टयूबेल एंव 9 हैंडपंप के टीएस के लिए भोपाल भेजा है।

#### इनका कहना है -

*प्राप्त निर्देशो के अनुसार गहरीकरण करके जल संकट की समस्या से निपटने के लिए कार्य किया जा रहा है। पीएचई विभाग के लिए भी निर्देश दिए गए है।*

***हर्षल चौधरी,** एसडीएम सिरोंज।*

## नो एंट्री का उड़ाया जा रहा है मजाक



**सिरोंज।** शहर के मुख्य मार्गों पर यातायात पुलिस के द्वारा नो एंट्री के बोर्ड तो लगा दिए गए हैं पर उसका धरातल पर पालन नहीं हो रहा है। इस वजह से दिन भर भारी वाहनों का प्रवेश जारी रहता है। इनको रोकने रोकने का काम भी यातायात पुलिस के द्वारा नहीं किया जाता है, इसकी वजह से दिनभर जाम की हालात बने रहते हैं। मंडी बाईपास रोड पर तो और भी ज्यादा हालत खराब होती है। उसकी जानकारी होने के बाद भी कोई कार्रवाई करने का काम नहीं किया जा रहा है। कागजों में नो एंट्री के निर्देशों का पालन हो रहा है आखिर नो एंट्री के लिए काम क्यों नहीं किया जा रहा है। एसडीएम से लेकर एसडीओपी भी कई बार दिशा निर्देश जारी कर चुके उनके निर्देशों को भी यातायात पुलिस धरातल पर लागू नहीं कर रही है। जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## शराबी ने बीच सड़क पर किया हंगामा, वाहन चालक हुए परेशान



सिरोंज। खुले में शराब पीने पर प्रतिबंध है पर जिनके कंधों पर कार्रवाई करने की जिम्मेदारी है उनके द्वारा अपने काम को गंभीरता से नहीं किया इस वजह से शराब दुकान के बाहर से लेकर सड़कों होटल से लेकर आम रास्तो सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम शराब पीने का काम किया जा रहा है। यहां पर शराबी शराब के नशे में धुत्त होकर प्रतिदिन हंगामा करते हैं। मंगलवार को मंडी रोड पर एक शराबी ने नशे में धुत्त होकर बीच सड़क पर काफी देर तक हंगामा किया कई वाहन चालकों पर पत्थर भी मारे इस कारण कई बाहन चालक तो दुर्घटना का शिकार होते-होते बच गए इसका ड्रामा सड़क पर काफी देर तक इसी तरह चलता रहा फिर सड़क पर ही लेट गया उसको यहां से हटाने का काम भी नहीं किया गया ऐसी स्थिति प्रतिदिन यहां पर निर्मित होती है ऐसे शराबियों पर पुलिस और आबकारी विभाग को मिलकर कार्रवाई करनी चाहिए। आम जनता जनार्दन को भी ऐसे शराबियों के द्वारा परेशान किया जाता है शिकायतों के बाद भी अधिकारी कुंभकरण की नींद सो रहा है।

## मदरसे के बच्चों को बांटे कपड़े, शाल और मिठाई



**सिरोंज।** शबे बारात के मौके पर अलीगंज की पहाड़ी पर स्थित मदरसा अली रजी अल्लाह हो अन्हो के मदरसे में तालीम हासिल करने वाले 42 बच्चों को कपड़े और 18 बच्चियों को सूट देकर एवं बच्चों को शाल मिठाई बांटी एडवोकेट शोएब खांन की ओर से बाटी गई। इस दौरान अल्ताफ खांन, अली अहमद कासमी, मदरसा संचालक मुफ्ती जावेद खांन, हाफिज शफीक मौजूद रहे।

## दलित जनप्रतिनिधियों की क्या हालत होगी यह स्वत: अनुमान लगाया जा सकता है: सुभाष बोहत एडवोकेट



**सिरोंज।** वरिष्ठ विधायक और श्रेष्ठ ब्राह्मण जिनका पद और उम्र के करण क्षेत्र ही नहीं आसपास के उन्हें जानने वाला हर व्यक्ति सम्मान से उनके चरणों में झुक जाता है,वही विधायक उमाकांत शर्मा आज एसडीएम के दरवाजे पर खड़े होकर सैकड़ो लोगों के सामने एसडीएम के पैर छूने के लिए क्यों मजबूर हुए, इसका चिंतन करना पड़ेगा सार्वजनिक रूप से विधायक ने शासन प्रशासन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए क्षेत्र की जनता को पानी दिलाने की बात कही हाथ जोडे यहां तक की पैर छूकर भी समस्याओं के निराकरण की बात कही।

मप्र कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुभाष बोहत एडवोकेट ने उक्त घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जब सत्ताधारी विधायक सार्वजनिक रूप से एसडीएम के दरवाजे पर पहुंचकर एसडीएम के पर छुएंगे उनके सामने गिड़गिड़ायेंगे तो एक दलित सरपंच, जनपद सदस्य, विधायक का क्या हाल होता होगा यह स्वता: अनुमान लगाया जा सकता है। हजारों अत्याचार पीड़ाएं सहकार दलित जनप्रतिनिधि जनता की पर्याप्त सेवा नहीं करपाने की वजह से अपमानित होता है और अधिकारी कर्मचारी उसकी शुद्ध लेने के लिए तैयार नहीं होते।

सुभाष बोहत एडवोकेट, जिला पंचायत की पूर्व सदस्य सुभाषिनी बोहत एवं वसुंधरा बोहत राष्ट्रीय अध्यक्ष महात्मा गांधी स्वच्छता प्रहरी संरक्षण कांग्रेस नेआरोप लगाते हुए कहा कि जब सत्ताधारी विधायक जो श्रेष्ठ ब्राह्मण भी है अधिकारी के सार्वजनिक रूप से पैर छूते हैं तो भी समस्याओं का हल नहीं हो पाता और उन पर सार्वजनिक रूप से भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जाते हैं तो भी अधिकारी कर्मचारी अपने रवैये को नहीं बदलते तो अनुसूचित जाति और जनजाति सहित समाज की अंतिम वाल्मीकि समाज के व्यक्ति जो जनप्रतिनिधि है जिनकी जनता की सेवा की आवाज को अधिकारी नजरअंदाज करते हैं उनका विरोध करने की ताकत अनुसूचित जाति जनजाति के जनप्रतिनिधियों में नहीं है। सुभाष बोहत एडवोकेट ने कहा कि वह भी अपने आप को उमाकांत शर्मा विधायक की भांति अधिकारियों के दरवाजे पर जाकर उनके चरणों में सर रखकर जनता की समस्याओं के निराकरण की मांग करेंगे इसके अलावा वह आंदोलनकारी प्रयास नहीं करेंगे क्योंकि अधिकारी कर्मचारी जब श्रेष्ठ ब्राह्मण विधायकने सत्ता धारी भी है अधिकारीयों के पैर छूने हाथ जोड़ने पर भी जनता की समस्याओं के निराकरण पर ध्यान नहीं कर पा रहे हैं तो बह दलितों आदिवासियों कि किसी भी बात से आंदोलन आदि से भयभीत होने वाले नहीं है इस कारण वह स्वयं संपूर्ण जिले में अधिकारी कर्मचारियों के पैरों में सर रखकर जनता की समस्याओं के लिए गिड़ गिड़ाने के लिए बाध्य होंगे।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यातायात पुलिस की कार्रवाई

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

पुलिस अधीक्षक विदिशा दीपक कुमार शुक्ला द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिरोंज उमेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी सिरोंज सूबेदार रितेश वाघेला एवं यातायात विदिशा की संयुक्त टीम द्वारा इंटरसेप्टर वाहन द्वारा तेज गति से चलने वाले वाहनों पर सिरोंज एवं लटेरी क्षेत्र में कार्रवाई की गई जिसमें कार्रवाई के दौरान मोटर व्हीकल एक्ट के 16 चालान कर रु



10000 समन शुल्क वसूल किया गया एवं् एक बस को सवारी ओवरलोडिंग का प्रकरण बना कर जब्त कर थाना सिरोंज के सामने सुरक्षार्थ खड़ा किया गया, कार्रवाई के दौरान मुख्य रूप से तेज गति से वाहन चलाने वाले चालको, बीमा फिटनेस परमिट वाले वाहन,काली फिल्म वाले वाहन, ओवरलोडिंग, बिना रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट वाले वाहन एवं् बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाने वाले चालको पर चलानी कार्रवाई की गई। यातायात नियमों का स्वयं भी पालन करें और अन्य परिचित को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करे, संदिग्ध वाहनों को अकच पोर्टल के माध्यम से चैक किया गया।

## जल संकट को लेकर पंचायत भवन में ग्राम सभा हुई आयोजित



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत में बैठक आयोजित की गई जिसमें नल जल योजना को लेकर चर्चा की गई सरपंच खिलान सिंह राजपूत द्वारा बताया गया हमारे गांव के सभी हैंडपंप सुख चुके हैं ओर चारों तरफ पानी को लेकर तिराही तिराही मंची हुई सरकार के द्वारा जों नल-जल योजना हमारी पंचायत को दी गई थी वह भी भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गई है ओर प्रधानमंत्री के सपनों को लगातार ठेकेदार एवं कर्मचारियों की मिली भगत से यह सारा खेला जा रहा है जिसको लेकर हमारे द्वारा कई बार वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कर चुके हैं मगर निराकरण के नाम पर कुछ भी नजर नहीं आ रहा है। सरपंच द्वारा बताया गया की ठेकेदार के द्वारा पानी के लिए गड्ढा तो कर दिया मगर आज तक उसमें मोटर डाल कर यह चेक नहीं कर पाऐ की पानी कितना है भी या नहीं इस दौरान सरपंच खिलान सिंह राजपूत, रोजगार सचिव नीरज चैकसे, पटवारी लखन लोधी,नोटल यशपाल राजपूत, एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

#### इनका कहना है

*आप के द्वारा मेरी जानकारी में आया है मैं खुद निरीक्षण करने जाऊंगा और जो भी व्यक्ति ने लापरवाही की उस को बिल्कुल भी वाक्स नहीं जाएगा।*

***जे.एस.सिरोही** लोक स्वस्थ यांत्रिक विभाग सिरोंज*


## कार्यालय थाना प्रभारी थाना ऐशबाग जिला भोपाल

फोन नं. 0755-2677353 Email - psaishbagh@gmail.com

**जाहिर सूचना/पम्पलेट**

**थाना ऐशबाग भोपाल गुम इंसान क्रमांक 11/2024**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 13/02/24 को सूचक नितिन सिंह पिता स्व. रघु प्रसाद उम्र 23 साल नि. म. नं. 79 गली नं. 02 शिव मंदिर मनोज तिवारी किराना के पास महामाई का बाग ऐशबाग भोपाल द्वारा थाने पर आकर सूचना दिया कि उसकी पत्नी पूनम सिंह पिता नितिन सिंह उम्रे 22 साल नि. उडिया मोहल्ला थाना नया कटनी जंक्शन जिला कटनी म.प्र. हाल नि. म.नं. 79 गली नं. 02 शिव मंदिर मनोज तिवारी किराना के पास महामाई का बाग ऐशबाग भोपाल दिनांक 14.10.14 को घर से बिना बताये कही चली गई है जो वापस नहीं आयी है। जिसकी सूचना पर थाना ऐशबाग में गुम इंसान क्र. 11/2024 पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया है। अतः गुमशुदा पूनम सिंह पिता नितिन सिंह उम्र 22 साल के संबंध में कोई भी जानकारी प्राप्त होती है तो थाना ऐशबाग के दूरभाष क्रमांक 0755-2751761, 9479990521, 70491046255 (जांच कर्ता) पर सूचित करने का कष्ट करें।

**गुमशुदा का हुलिया :–** चेहरा गोल, बदन गठीला, कद 05 फीट 01 इंच, सलवार कुर्ता व गुलाबी रंग का स्वेटर पहने है दाहिने हाथ की कलाई पर अंग्रेजी में गुदना

**थाना प्रभारी**
**थाना ऐशबाग भोपाल**

G-24969/23


## मेट्रो एंकर

### दो पाहिया वाहन चालक व हाथ ठेला खड़े होने से जाम की स्थिति

# बेलगाम दौड़ रहे लोडिंग वाहन, बीच रोड पर उतार रहे माल



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

इन दिनों मुख्य बाजारों मे सुबह से लेकर षाम तक बेलगाम लोडिग वाहन अनाधुन स्पीड मे दौड रहे है लेकिन यातायात विभाग के जिम्मेदार आरक्षक व सूबेदार इन पर कोई कार्यावाही करते हुए नजर नही आ रहे है। ज्ञात रहे कि कोर्ट गेट से लेकर छोटा बाजार राजबाजार चांदनी चैक कठाली बाजार में लोडिग वाहन बीच रोड पर खडे होकर दुकानो का माल उतार रहे है जिससे बार बार जाम की स्थिति उत्पन्न होती रहती है बची कुची सड़क के दोनो और हाथ ठेला चालक खडे होकर अपनी दुकानदारी कर रहे है जिससे मुख्य बाजार में पैदल चलना भी दूभर हो गया है। गौरतलब हो कि कई बार नगर मे कई अहम बैठको मे बाजार की स्थिति से से प्रषासन को अवगत करा दिया गया है कि यहां पर दोनो और रोड पर दो पाहिया वाहन चालक व हाथ ठेला खडे रहते है जिससे जाम की स्थिति बार बार उत्पन्न होती रहती है। लेकिन प्रषासन कोई उचित कदम नही उठा पा रहा है जिससे कोई हल निकल सके और बाजार के जाम से लोगो को राहत मिल सके।

### बाजार में लोडिंग वाहन व चार पाहिया वाहन पर लगे रोक

उल्लेखनीय है कि मुख्य बाजार काफी सकडा होता जा रहा है जिससे बाजार मे चार पाहिया निकलने के कारण कई बार काफी लंबा जाम लग जाता है जिससे लोगो को काफी परेषानियों का सामना करना पडता है। वही देखा जाए कि बाजार में चार पाहिया वाहनों की नो इंट्री लागू भी नही की गई है जिससे चार पाहिया वाहन बाजार में जहां जगह मिली अपना लोडिग आटो सवारी आटो खडा कर देते है जिससे जाम लग जाता है। लेकिन यातायात विभाग को इस और ध्यान देने की आवश्यकता है।

### नही है पार्किग व्यवस्था

नगर के मैन बाजार मे रोड के दोनो और दो पाहिया वाहन खडे रहते है जिससे बाजार मे जाम लगा रहता है पैदल भी मुष्किल से लोग निकल जाते है लेकिन जिम्मेदार प्रषासन ने बाजार के वाहनो को खडा करने के लिए कोई वैकल्पिक स्थान निर्धारित नही किया गया है जिससे लोग जहां जिसको जगह मिलती है वहा अपना वाहन खडा कर चलते बनते है लेकिन प्रषासन बाजार को लेकर गंभीर नही है।

### नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई फिर की प्रारंभ, काटे चालान



**सिरोंज।** एसडीएम के निर्देश पर नगर पालिका परिषद के द्वारा एक बार फिर अतिक्रमण धारियों पर कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। मंगलवार को अतिक्रमण दल के प्रभारी संजीव यादव के साथ नगर पालिका अमले ने पहले तो अतिक्रमण करने वालों को सामान हटाने का सड़क पर अस्थाई रूप से सामान रखने वालों के चालान भी बनाए गए जैसे ही अतिक्रमण धारियों पर कार्रवाई की जानकारी लगे तो कई अतिक्रमण करने वाले अपना सामान हटाते हुए नजर आए। पिछले कुछ दिनों से नगर पालिका की कार्रवाई बंद पड़ी हुई जिस वजह से कई लोगों ने फिर से अतिक्रमण कर लिया था पर इस तरह की मुहिम लगातार चलती रहती है तो अतिक्रमण नहीं होता है।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा (म. प्र.)

क्रमांक/राज./2024/319 दिनांक 23/02/2024

**नामांतरण विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार आवेदकगणों द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अंतर्गत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो नगर पालिका में विचाराधीन है।

| क्र. | प्रकरण क्र. | क्रेता | विक्रेता | पता | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 301/ना/ 2024 | नासिर खां/ बलदार खां | अनवर अली/ जाकिर अली खान | वार्ड 03 | विक्रय पत्र |
| 2 | 302/ना/ 2024 | भागवती / नारायण प्रसाद साहू | शिवलाल / खिल्लू अहिरवार | वार्ड 13 | विक्रय पत्र |
| 3 | 303/ना/ 2024 | प्रीति तलरेजा / श्री कुमार तलरेजा | जकाउल्ला खान/ मसीउल्ला खान | वार्ड 02 | विक्रय पत्र |
| 4 | 304/ना/ 2024 | नीलेश चौरसिया/राकेश चौरसिया | अंकुर जैन | वार्ड 16 | विक्रय पत्र |
| 5 | 305/ना/ 2024 | गणेश चौरसिया/ राकेश चौरसिया | अंकुर जैन | वार्ड 16 | विक्रय पत्र |
| 6 | 306/ना/ 2024 | रजनी रघुवंशी/ शिवराजसिंह रघुवंशी | दीपक कुमार भार्गव | वार्ड 10 | विक्रय पत्र |
| 7 | 307/ना/ 2024 | राजू दांगी/ तोरण दांगी | ममता त्रिपाठी/ संजीव त्रिपाठी | वार्ड 03 | विक्रय पत्र |
| 8 | 308/ना/ 2024 | नीलेश / राकेश चौरसिया | अंकुर जैन | वार्ड 16 | विक्रय पत्र |
| 9 | 309/ना/ 2024 | गणेश चौरसिया/ राकेश चौरसिया | अंकुर जैन | वार्ड 02 | विक्रय पत्र |
| 10 | 310/ना/ 2024 | गायत्री बाई/ शिवनारायण शर्मा | हल्लू/ निर्भयदास | वार्ड 03 | विक्रय पत्र |
| 11 | 311/ना/ 2024 | वाहिद खां/ सुबराती खां | युसुफ अली/ बादशाह मियां | वार्ड 17 | विक्रय पत्र |

अतः उपरोक्त दावों के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति लिखित में प्रमाण सहित स सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस के भीतर नगर पालिका कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा वाद अवधी यह मानकर किसी को कोई आपत्ति नहीं आगामी कार्यवाही की जावेगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नागरपालिका परिषद सिरोंज**



## यशस्वी ने 8 टेस्ट मैचों में 971 रन बनाए

# यशस्वी ने टेस्ट में रचा इतिहास, डॉन ब्रैडमैन के क्लब में हुए शामिल

**नईदिल्ली, एजेंसी**

यशस्वी जायसवाल ने 8 टेस्ट मैचों में 971 रन बनाकर डॉन ब्रैडमैन के क्लब में एंट्री कर ली है। दिग्गज क्रिकेटर ने 14 पारियों में 1210 रन बनाए हैं। युवा बल्लेबाज ने इस मामले में गावस्कर को पीछे छोड़ दिया है। इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले में टीम इंडिया ने पांच विकेट से जीत दर्ज की। भारत ने इस जीत के साथ सीरीज में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल कर ली है। इंग्लैंड के खिलाफ यशस्वी जायसवाल ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने विरोधी टीम के खिलाफ लगातार दो दोहरे शतक के साथ दो अर्धशतकीय पारियां खेली हैं। इसी के साथ वह दिग्गज क्रिकेटर डॉन ब्रैडमैन के क्लब में शामिल हो गए हैं। पिछले साल वेस्टइंडीज दौरे पर भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने वाले युवा बल्लेबाज ने अब तक आठ टेस्ट मैच खेले हैं। अपनी 15 पारियों में उन्होंने 971 रन बनाए, ऐसा करने वाले वह दुनिया के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं।

### गावस्कर को छोड़ा पीछे

23 वर्षीय बल्लेबाज ने शुरुआती आठ टेस्ट मैचों में 800 से अधिक रन बनाकर पूर्व भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर को पीछे छोड़ दिया है। गावस्कर ने शुरुआती आठ टेस्ट मुकाबलों में 938 रन बनाए। इस लिस्ट में वह चौथे नंबर पर शामिल हैं। तीसरे स्थान पर वेस्टइंडीज के स्टार क्रिकेटर एवर्टन वीक्स का नाम दर्ज है जिन्होंने 11 पारियों में 968 रन बनाए। वहीं, पाकिस्तानी बल्लेबाज सऊद शकील 15 पारियों में 927 रन के साथ इस लिस्ट में शामिल होने वाले पांचवें बल्लेबाज हैं।

### खास क्लब में शामिल हुए यशस्वी

यशस्वी भारत के लिए एक टेस्ट सीरीज में 600 या उससे अधिक रन बनाने वाले पांचवें खिलाड़ी भी बन गए। कोहली, सुनील गावस्कर और राहुल द्रविड़ अपने करियर के में दो-दो बार ऐसा कर चुके हैं। इनके अलावा दिलीप सरदेसाई ने भी एक टेस्ट सीरीज में 600 रन का आंकड़ा पार किया है। जायसवाल ने चार मुकाबलों में 655 रन बना लिए हैं।

### ब्रैडमैन-सोबर्स के क्लब में यशस्वी

यशस्वी 23 साल पूरे होने से पहले एक टेस्ट सीरीज में 600 या उससे अधिक रन बनाने वाले सातवें खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले ऑस्ट्रेलिया के डॉन ब्रैडमैन, वेस्टइंडीज के गैरी सोबर्स, सुनील गावस्कर, दक्षिण अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ, वेस्टइंडीज के जॉर्ज हेडली और ऑस्ट्रेलिया के नील हार्वे यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

## श्रेयस अय्यर पर हुआ रोहित शर्मा की फटकार का असर, एक और यू-टर्न मारा



*श्रेयस अय्यर ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के लिए खुद को उपलब्ध बताया है. अय्यर पर बीसीसीआई और रोहित शर्मा की फटकार का असर हुआ है. 2 मार्च को होगा सेमीफाइनल, मुंबई की टक्कर तमिलनाडु से टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने एक और यू-टर्न लिया है. श्रेयस अय्यर अब रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले में मुंबई की ओर खेलते हुए नजर आएंगे. मुंबई किकेट एसोसिएशन ने इस बात की जानकारी दी है कि श्रेयस अय्यर ने सेमीफाइनल मुकाबले के लिए खुद को उपलब्ध बताया है. हालांकि इससे पहले क्वार्टर फाइनल मैच के लिए श्रेयस अय्यर ने खुद को फिट नहीं बताया था. हालांकि नेशनल क्रिकेट एकेडमी ने साफ कर दिया था कि अय्यर खेलने के लिए फिट हैं. 2 मार्च से शुरू होने जा रहे सेमीफाइनल मुकाबले में मुंबई की टक्कर तमिलनाडु के साथ है. एक रिपोर्ट में एमसीए के हवाले से कहा गया है, श्रेयस अय्यर ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को जानकारी दी है कि वह पुरी तरह से फिट हैं और वह सेमीफाइनल मुकाबला खेलने के लिए मैदान पर उतरेंगे.*

***अय्यर को लेकर खड़ा हुआ विवाद:*** *इससे पहले श्रेयस अय्यर को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया में जगह मिली थी. लेकिन दो टेस्ट में अय्यर एक भी फिफ्टी नहीं लगा पाए. अय्यर ने पहले दो टेस्ट में 35, 13, 27 और 29 रन का स्कोर बनाया. इसके बाद अय्यर को टीम से ड्रॉप कर दिया गया. हालांकि ये खबरें भी आईं कि अय्यर चोटिल होने की वजह से बाहर हुए हैं. लेकिन बाद में यह साफ हो गया कि अय्यर पूरी तरह से फिट थे और उन्हें टीम से ड्रॉप किया गया है. अय्यर के रणजी ट्रॉफी नहीं खेलने पर विवाद भी खड़ा हुआ. बीसीसीआई ने साफ किया है कि जो भी खिलाड़ी नेशनल ड्यूटी पर नहीं हैं उन्हें रणजी ट्रॉफी खेलनी पड़ेगी. टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने भी चेतावनी दी है कि जो खिलाड़ी टेस्ट फॉर्मेट को गंभीरता से नहीं लेते हैं उनके लिए भविष्य में कोई जगह नहीं होगी. बीसीसीआई और रोहित शर्मा की रवैए को देखते हुए ही माना जा सकता है अय्यर ने एक फिर से यू-टर्न लिया है।*



### मेट्रो बाजार

## एपल ने इलेक्ट्रिक कार प्रोजेक्ट को बंद किया, 2000 एंप्लॉय प्रभावित

**नईदिल्ली, एजेंसी**

अमेरिकी टेक कंपनी एपल ने अपने इलेक्ट्रिक कार प्रोजेक्ट को बंद करने का फैसला लिया है। कंपनी पिछले एक दशक से इस प्रोजेक्ट पर काम कर रही थी, लेकिन अभी तक कोई फिजिकल प्रोटोटाइप भी तैयार नहीं कर पाई थी। एपल के इस फैसले कंपनी के पहले ईवी प्रोजेक्ट टाइटन पर काम करने वाली स्पेशल प्रोजेक्ट ग्रुप के करीब 2000 एंप्लॉई प्रभावित होंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह निर्णय चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर जेफ विलियम्स और प्रोजेक्ट के वाइस प्रेसिडेंट इंचार्ज केविन लिंच ने मंगलवार को प्रोजेक्ट पर काम करने वाले कर्मचारियों के साथ शेयर किया है। कंपनी के दोनों अधिकारियों ने कर्मचारियों को बताया कि एसपीजी के सभी एंप्लॉईज को जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डिवीजन में जॉन जियानंद्रिया के अंडर शिप्ट किया जाएगा। वॉइस कमांड पर चलने वाली कार बनाना चाहती थी कंपनी पूरी तरह से ऑटोमेटिक और वॉइस कमांड पर चलने वाली कार बनाना चाहती थी। 2015 से शुरू हुए इस प्रोजेक्ट में अरबों डॉलर इन्वेस्ट भी कर चुकी थी। अगर यह प्रोजेक्ट सफल हो जाता तो कंपनी 2028 तक एक लाख डॉलर (करीब 82.90 लाख रुपए) की कीमत में कार को लॉन्च कर सकती थी। एपल पहली ईवी के लॉन्चिंग डेट को 2019, 2020, 2026 और 2028 के लिए रीशेड्यूल कर चुकी थी। रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी के बोर्ड इस बात को लेकर सीईओ टिम कुक पर प्रोजेक्ट पर जल्द कोई ठोस प्लान तैयार करने या प्रोजेक्ट को बंद करने का दबाव भी बना रहे थे। अमेरिकी टेक कंपनी एपल अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार 2028 में लॉन्च करेगी। इससे पहले कंपनी 2026 में फुली ऑटोमोटिव ड्राइव ऑप्शन के साथ बिना स्टीयरिंग व्हील वाली ईवी मार्केट में उतारने वाली थी।

## सेंसेक्स 67 अंक बढ़कर 73,162 पर खुला, निफ्टी में 16 अंक की तेजी, पेटीएम का शेयर 4 फीसदी से ज्यादा फिसला

**मुंबई, एजेंसी।** शेयर बाजार में आज यानी 28 फरवरी को तेजी देखने को मिल रही है। सेंसेक्स 67 अंक की बढ़त के साथ 73,162 के स्तर पर खुला। वहीं निफ्टी में भी 16 अंक की तेजी है। ये 22,214 के स्तर पर ओपन हुआ। शुरुआती कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में तेजी और 14 में गिरावट देखने को मिल रही है। पेटीएम के शेयर में आज 4 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखने को मिल रही है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज कंपनी कज्ञ शेयर 361.20 रुपए के भाव पर लिस्ट हुआ। जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ये शेयर 365 रुपए के भाव पर लिस्ट हुआ। कंपनी का इश्यू प्राइस 360 रुपए था। यानी ये लिस्टिंग एकदम सपाट रही है। भारत हाईवेज इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट इनविट का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ रिटेल निवेशकों के लिए आज यानी 28 फरवरी से ओपन हो गया है।

### मुंबई इंडियंस के लिए खुशखबरी!

## आईपीएल से पहले मैदान पर लौटे हार्दिक पांड्या



**जोहान्सबर्ग, एजेंसी**

हार्दिक पिछले साल अक्तूबर में को पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल हुए थे। उनके टखने में चोट लग गई थी। उसके बाद वह प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर रहे। भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या लंबे समय पर प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापस लौट आए। पिछले साल वनडे विश्व कप के दौरान चोटिल होने वाले हार्दिक ने आईपीएल से पहले फिटनेस हासिल कर ली है। वह डीवाई पाटिल टी20 कप के 18वें सीजन में मैदान पर उतरे। करीब पांच महीने बाद मैदान पर उतरते हुए हार्दिक ने गेंदबाजी में कमाल का प्रदर्शन किया। हार्दिक ने अपने प्रदर्शन से रिलायंस 1 टीम को जीत दिलाई। उनकी गेंदबाजी की बदौलत टीम ने बीपीसीएल को 18.3 ओवर में 126 रन पर समेट दिया। गेंबाजी में हार्दिक की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उन्होंने पहले दो ओवर में 21 रन लुटाए। उसके बाद तीसरे ओवर में वापसी की और सिर्फ एक रन दिया। उन्होंने राहुल त्रिपाठी और एकनाथ केरकर का विकेट भी लिया। हार्दिक ने तीन ओवर में 22 रन देकर दो विकेट लिए। हार्दिक ने बल्लेबाजी भी की हार्दिक की टीम के लिए अनुभवी स्पिनर पीयूष चावला ने 15 रन देकर तीन विकेट लिए। वहीं, देव लाकरा ने 31 रन देकर तीन सफलता हासिल की। बीपीसीएल के लिए अनुकूल रॉय ने सबसे ज्यादा नाबाद 30 रन बनाए। पांड्या उस समय बल्लेबाजी के लिए जब उनकी टीम को सिर्फ 12 रन बनाने थे। वह चार गेंद पर तीन रन बनाकर नाबाद रहे।

### डब्ल्यूपीएल: गुजरात जायंट्स को 8 विकेट से हराया

## आरसीबी की टीम पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंची



**नईदिल्ली, एजेंसी**

डब्ल्यूपीएल- 2 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने लगातार दूसरा मैच जीत लिया है। टीम ने गुजरात जायंट्स को 8 विकेट से हराया। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। गुजरात ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 107 रन बनाए। जवाब में आरसीबी ने 12.3 ओवर में 2 विकेट पर टारगेट चेज कर लिया। आरसीबी की ओर से सोफी मोलिनक्स ने तीन विकेट लिए। वहीं, स्मृति मंधाना अर्धशतक चूक गई, उन्होंने 42 रन की पारी खेली। इस जीत के साथ आरसीबी पॉइंट्स टेबल में 4 अंक के साथ टॉप पर पहुंच गया है। उसके और मुंबई के पॉइंट बराबर है, लेकिन रनरेट ज्यादा होने से आरसीबी पॉइंट्स टेबल में टॉप पर है। वहीं, गुजरात चौथे से आखिरी पायदान पर आ गया है। गुजरात का टॉप ऑर्डर पूरी तरह फेल रहा। टीम के लिए ओपन करने हरलीन देओल और कप्तान बेथ मूनी आए। मूनी 8 रन बना कर आउट हो गई। वहीं, तीसरे नंबर पर फीब लिचफील्ड भी 5 रन बी बना सकी। आरसीबी की पेसर रेणुका ने शुरुआती स्पैल में ही इन दोनों का विकेट ले लिया। इसके बाद 42 के स्कोर पर वेदा कृष्णमूर्ती भी 9 रन बना कर आउट हो गई। दूसरे छोर पर हरलीन देओल टिकी रही, लेकिन वे भी रनआउट हो गई। देओल 22 रन बना कर पवेलियन लौटी। एश्ले गार्डनर 7 रन और बना कर आउट हुई। कैथरीन ब्राइस 3 रन ही बना सकी। स्कोर 73/6 हो गया। यहां से दयालन हेमलता ने पारी संभाली और कुछ रन जोड़े।


**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## बेटी के जन्म के बाद शाहिद बहुत डर गए थे, बोले- जिंदगी के अगले 30 साल सामने आ गए थे


शाहिद कपूर ने साल 2015 में मीरा राजपूत से शादी की। साल 2016 में मीरा ने बेटी मीशा को जन्म दिया। शाहिद ने हाल ही में एक खुलासा किया है कि मीशा के जन्म के समय वे बहुत डर गए थे। उन्होंने मीरा के पिता को फोन करके माफी भी मांगी थी। शाहिद कपूर ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा- मैं बहुत खुश हुआ कि लड़की हुई है, लेकिन उसी वक्त मैं डर भी गया। मैंने सबसे पहला काम ये किया कि मीरा के पापा को कॉल किया और कहा कि पापा अगर मैंने शादी के दौरान आपको जरा भी परेशान किया हो, या अगर मेरी किसी बात से आप परेशान हो गए हों, तो मैं माफी मांगता हूं। अब मुझे इतना समझ आ गया है कि मेरी भी एक बेटी है, उसकी भी एक दिन किसी ल?के से शादी होगी। सच कहूं तो उस पल मेरी आंखों के सामने जिंदगी के अगले 30 साल नजर आने लगे थे। बेटी का होना वाकई अद्भुत एक्सपीरिएंस है। यह बहुत खास एहसास है। मैं और मीरा दोनों एक बेटी चाहते थे। पहले मैं थोड़ा 'भौ-भौ' करता था, लेकिन अब मैं पूरी तरह से पालतू बन गया हूं।

### शाहिद कपूर जल्द ही पूजा हेगड़े के साथ दिखेंगे

शाहिद कपूर हाल ही में फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ कृति सेनन थीं। फिल्म की राइटिंग और डायरेक्शन अमित जोशी और आराधना शाह की जोड़ी ने मिलकर की। रोबोट-साइंटिस्ट के बीच प्यार पर आधारित इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा रिस्पॉन्स देखने को मिला। शाहिद ने राज और डीके की क्राइम थ्रिलर सीरीज फर्जी के साथ डिजिटल स्पेस में कदम रखा, जो सबसे सफल वेब सीरीज में से एक बन गई थी। एक्टर जल्द ही पूजा हेगड़े के साथ देवा फिल्म में नजर आएंगे। शाहिद की मां नीलिमा अजीम एक बेहतरीन डांसर थीं। काम के सिलसिले में उन्हें जब भी शहर या देश से बाहर जाना होता था तो वो शाहिद को भी अपने साथ ले जाती थीं। वो जब भी स्टेज पर परफॉर्म करती थीं, तो शाहिद उन्हें दूर से देखकर तालियां बजाते थे। एक बार नीलिमा, 6 साल के शाहिद को अपने साथ बेल्जियम ले गई थीं। डांस परफॉर्मेंस खत्म होते ही एक फ्रेंच आदमी नीलिमा के पास आया और उनसे कॉफी कुछ पूछने लगा। जैसे ही शाहिद ने यह देखा तो वो तुरंत उनके पास पहुंच गए। उन्होंने उस आदमी से गुस्से में कहा, %इनसे (नीलिमा) से बात करने से पहले आपको मुझसे डील करना पड़ेगा।% नन्हें से शाहिद का गुस्सा देखकर नीलिमा हंस पड़ी थीं।



## साजिद नाडियाडवाला की अगली फिल्म में नजर आएंगे सुपरस्टार रजनीकांत!



साउथ सुपरस्टार रजनीकांत जल्द ही फिल्म 'वेट्टैयन' में नजर आने वाले हैं। फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। इसके अलावा अब अभिनेता के एक और फिल्म से जुड़ने की खबर सामने आ रही है। रजनीकांत जल्द ही साजिद नाडियाडवाला के साथ किसी फिल्म में काम करते हुए नजर आएंगे। फिल्म निर्माता और निर्देशक साजिद नाडियाडवाला ने हाल ही में सुपरस्टार के साथ काम करने के संकेत दिए हैं। साजिद नाडियाडवाला ने हाल ही में एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर रजनीकांत के साथ एक फिल्म साझा की है। साजिद ने तस्वीर साझा कर लिखा, महान रजनीकांत सर के साथ सहयोग करना एक सच्चा सम्मान है, जैसे-जैसे हम अपनी इस यात्रा पर आगे निकलने की तैयारी कर रहे हैं, उत्सुकता बढ़ती जा रही है। इसके अलावा उनकी टीम ने अपने एक बयान में कहा, यह प्रतिष्ठित सुपरस्टार रजनीकांत के साथ एक बड़ा सहयोग है। इन दोनों दिग्गजों के एक साथ आने की संभावना और उत्सुकता जा रही है।


### दोनों के सहयोग को लेकर फैंस उत्साहित

फैंस साजिद के पोस्ट पर कमेंट कर दोनों को उनके सहयोग और आने वाले प्रोजेक्ट्स के लिए बधाई दे रहे हैं। साथ ही इस बात के कयास लगाए जा रहे हैं कि निर्देशक की अगली फिल्म में रजनीकांत अभिनय करते हुए नजर आएंगे। इस खबर के सामने आने के बाद दर्शकों के बीच जबर्दस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। हालांकि, दोनों ने अभी तक किसी फिल्म या फिर अपने प्रोजक्ट को लेकर खुलकर बात नहीं की है।

### 'लाल सलाम' में नजर आए रजनीकांत

रजनीकांत के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह हाल ही में फिल्म लाल सलाम में नजर आए हैं। 9 फरवरी को रिलीज हुई इस फिल्म में सपरस्टार ने कैमियो की भूमिका में दिखाई दिए। यह एक एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसमें विष्णु विशाल और विक्रांत अहम किरदार में नजर आए हैं। इसका निर्देशन रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या रजनीकांत ने किया है। वहीं, साजिद ने बॉलीवुड को किक, हाउसफुल सीरीज, जुड़वा 2 जैसी कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। इसके अलावा जल्द ही उनकी फिल्म चंदू चैंपियन और हाउसफुल 5 रिलीज होगी।

## सलमान ने अंकिता को दी थी बच्चा करने की सलाह...



***अंकिता ने बताया है कि सलमान ने उन्हें रिश्ता बचाने के लिए सलाह दी थी. सर ने मेरे को सलाह दी थी जब मैं उनसे मिलने गई थी...***



*बिग बॉस 17 में अंकिता लोखंडे और विक्की जैन साथ में गए थे. अंकिता और विक्की शो में अक्सर लड़ते हुए नजर आते थे. इनकी इतनी लड़ाई होती थी कि लोगों को लगने लगा था कि शो से बाहर आते ही इनका रिश्ता टूट जाएगा. अंकिता ने हाल ही में खुलासा किया है कि उनकी शादी बचाने के लिए सलमान खान ने भी उन्हें एक सलाह दी थी. अंकिता हाल ही में भारती सिंह और हर्ष लिम्बाचिया के व्लॉग का हिस्सा बनी थीं. जिसमें उन्होंने बताया कि सलमान खान ने बिग बॉस 17 के ग्रैंड फिनाले के बाद उन्हें क्या कहा था. अंकिता और विक्की को शो में ही सलमान खान वीकेंड के वार पर समझाते नजर आते थे. कई बार वो विक्की को झटकरा लगाते थे तो अंकिता ने भी भाईजान से डांट खाई है. अंकिता ने बताया है कि सलमान खान ने उन्हें रिश्ता बचाने के लिए सलाह दी थी.*

*अंकिता ने कहा- सलमान सर ने मेरेको सलाह दी थी जब मैं उनसे मिलने गई थी, सीजन खत्म होने के बाद. उन्होंने कहा- एक ही बात बो रहा हूं, बच्चा कर लो. मैंने कहा- सर क्या बोल रहे हो. जब अंकिता सलमान की बात सुनकर थोड़ा ऑकवर्ड हो गई तो भाईजान ने कहा- नहीं, मैं तुम्हे बता रहा हूं, बच्चा कर लो. अंकिता ने आगे कहा- उनका मतलब ये था कि बच्चा होने के बाद एक कपल साथ में ज्यादा ग्रो करता है. अंकिता लोखंडे के साथ उस व्लॉग में विक्की जैन भी थे. उन्होंने कहा- कोई भी शादी लंबे समय तक बच्चों की वजह से ही टिकती है. जब से अंकिता लोखंडे और विक्की जैन बिग बॉस से बाहर आए हैं तब से ये कपल ये क्लैरिफिकेशन देते रहते हैं कि दोनों साथ में हैं. न्यूज18 के साथ इंटरव्यू में अंकिता लोखंडे ने उन लोगों को खरी-खोटी सुनाई थी जो उनके और विक्की के रिश्ते को जज कर रहे थे।*

## बेमौसम बारिश : तेज आंधी से कई जगह गिरे पेड़, 15 मिमी बारिश दर्ज



**भोपाल,दोपहर मेट्रो।** राजधानी भोपाल में फरवरी महीने में 9 साल बाद सबसे ज्यादा बारिश हुई है। मंगलवार को आधा इंच से ज्यादा यानी, 15 मिमी बारिश दर्ज की गई। इससे पहले वर्ष 2014 में पूरे महीने 1.9 इंच यानी, 47.9 मिमी बारिश हुई थी। बारिश के पहले चली आंधी से कई जगह पेड़ गिरे तो कई जगह टीनशेड सड़क पर आ गिरे। आज सुबह सड़कें अस्तव्यस्त रहीं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मार्च में भी मौसम बदला रहेगा। दो दिन बाद फिर पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो रहे हैं। जिसका असर भोपाल में भी देखने को मिलेगा। बारिश की भी संभावना है।

### उत्तरप्रदेश से लेकर भोपाल पहुंचे थे तस्कर, डीआरआई व वन विभाग ने की कार्यवाही

# मप्र में 600 कछुए की खेप पकड़ी यूपी की गोमती नदी में छुड़वाया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**मप्र में पहली बार 600 से अधिक कछुए की खेप पकड़ाई है। तस्कर इन कछुओं को उत्तरप्रदेश के अलग-अलग शहरों से झोले में भरकर ट्रेन व बसों के सहारे भोपाल पहुंचे थे। जिसकी सूचना पहले से डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस (डीआरआई) के अधिकारियों को थी। उन्होंने तस्करों को पकड़ने का जाल बिछाया और अधिकारियों ने लंबी दूरी से बसों में आम यात्री की तरह बैठकर तस्करों का पीछा किया।**



फाइल फोटो

बताया जाता है कि बस के लालघाटी क्षेत्र में दाखिल होते ही तस्करों को कछुओं के साथ पकड़ लिया गया। यह कार्यवाही 21 फरवरी को सुबह की है। इन कछुओं को कोर्ट में पेश किया था जिन्हें कोर्ट के निर्देश ने यूपी की गोमती नदी में छुड़वाया है। पकड़े गए तस्करों में से दो तस्कर उत्तरप्रदेश के कानपुर के और 1 भोपाल के करोंद क्षेत्र का रहने वाला है। अधिकारियों के मुताबिक इंडियन टेंट टर्टल व रेड क्राउंड रूफ्ड टर्टल की तस्करी की जा रही थी जो छोटे आकार के थे। इन्हें झोलों में एक के उपर एक भरा गया था। कई की तो मौत तक हो गई। डीआरआई ने कानपुर के रहने वाले तस्कर फरहान अहमद व जमीर अहमद और भोपाल के शकील अहमद निवासी करोंद को गिरफ्तार किया। इनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की है।

#### अंतरराष्ट्रीय गिरोह के हाथ होने की आशंका, एसटीएसएफ करेगी जांच

डीआरआई ने तस्कर व कछुओं को पकडकर् वन विभाग को सुपुर्द कर दिया था। अब वन विभाग पूरे मामले की जांच स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (एसटीएसएफ) से कराने जा रही है। भोपाल वन वृत्त के सीसीएफ राजेश खरे का कहना है कि तस्करी का यह मामला अंतरराष्ट्रीय गिरोह से जुड़े होने की आशंका है। वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में मामला ला दिया है। अनुमति मिली तो एसटीएसएफ से जांच कराई जाएगी।

# हमीदिया से हथकड़ी का कुंदा काटकर हत्या के प्रयास का आरोपी फरार

### बेगमगंज से जेल से इलाज कराने लाई थी जेल गार्ड, ऑपरेशन होने के पांच दिन बाद भागा बंदी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

हमीदिया अस्पताल से कल एक बंदी जेल प्रहरी को चकमा देकर भागने में कामयाब हो गया। हत्या के प्रयास में बेगमगंज जेल में बंद बंदी को हार्निया का ऑपरेशन कराने के लिए लाया गया था। जेल बंदी के फरार होने के बाद जेल प्रहरी और टीम ने उसकी तलाश की, लेकिन जब उसका कुछ पता नहीं चला तो कोहेफिजा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने बंदी पर मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।



एसआई अबुबकर सिद्धिकी ने बताया कि नीरज उइके जेल प्रहरी हैं। उन्होंने शिकायत करते हुए बताया कि 44 साल का अजय गौड़, गांव डुंगरिया, थाना सिलवानी, जिला रायसेन का था। वह हत्या के प्रयास के मामले में जेल में बंद था। बेगमगंज जेल में उसकी तबीयत बिगड़ी और गत 16 फरवरी को गार्ड उसे भोपाल लेकर पहुंची थी। उसका हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा था। पेट में तकलीफ होने के कारण टेस्ट हुए और 22 फरवरी को अजय गौड़ का हार्निया का ऑपरेशन डॉक्टर ने कर दिया। इसके बाद से ही वह वार्ड में भर्ती था। सुरक्षा की लिहाज से उसके पैर में हथकड़ी लगाई गई थी। जेल प्रहरी नीरज ने बताया कि कल शाम करीब पांच बजे के आसपास अजय चकमा देकर चला गया। हथकड़ी का कुछ हिस्सा बेड पर बंधा था, जबकि कुछ हिस्सा उसके पैर में गया है। हड़कड़ी को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि उसके कुंदे को काटा गया है।

#### जेल प्रबंधन करेगा कार्रवाई

बंदी अजय के भागने के बाद जेल प्रहरी नीरज ने जेल प्रबंधन को घटना की जानकारी दी थी। इसके बाद कोहेफिजाड़थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तो पता चला कि हथकड़ी का कुंदा काटा गया है या फिर उसे निकाला गया है। बंदी के पास काटने वाला हथियार कैसे पहुंचा इसकी जानकारी प्रहरी को भी नहीं है। बंदी के भागने के बाद जेल प्रबंधन लापरवाही बरतने वाले जेल प्रहरी और गार्ड के खिलाफ करेगी।

## डीपी से बच्चे को लगा था करंट, आर्मी के तत्कालीन असिस्टेंट इंजीनियर पर केस


**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

सवा साल पहले बेहटा गांव में पतंग उठाते समय आठ साल के बच्चे को 3 ईएमई सेंटर के एमईएस डिपार्टमेंट के ट्रांसफार्मर ( डीपी ) से लगे करंट के मामले में बैरागढ़ पुलिस ने आर्मी के तत्कालीन असिस्टेंट इंजीनियर इलेक्ट्रिकल एंड मेकेनिकल ( ईएंडएम ) के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बिजली विभाग के एग्रीमेंट के अनुसार असिस्टेंट इंजीनियर द्वारा डीपी को सुरक्षित नहीं किया गया था। उसे सुरक्षित करने की जिम्मेदारी असिस्टेंट इंजीनियर की थी। इस हादसे में झुलसे बच्चे का दायां हाथ काटना पड़ा था। बैरागढ़ पुलिस के मुताबिक बेहटा गांव निवासी मोनू मांझी मेहनत मजदूरी करते हैं। उनका 8 वर्षीय बेटा राज मांझी 15 दिसंबर 2022 को गांव स्थित थ्री ईएमई सेंटर के एमईएस डिपार्टमेंट की डीपी से पतंग उठाते समय करंट से झुलस गया था।

## इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद महिला से बलात्कार, मामला दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

निशातपुरा पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर दो युवकों के खिलाफ बलात्कार और दैहिक शोषण का मामला दर्ज कराया है। शादीशुदा महिला का आरोप है कि दोनों युवक उससे बलात्कार और उसका अधिक शोषण कर रहे थे। पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे की गिरफ्तारी के लिए पुलिस जल्द ही विदिशा जाएगी। पुलिस के अनुसार 29 साल की महिला इलाके में रहती है और शादीशुदा है। उसने शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि आमिर को वह 4 साल से जानती है। जान पहचान होने के कारण दोनों में दोस्ती थी इस दौरान आमिर ने शादी का झांसा देकर उससे दुष्कर्म किया। करीब 4 साल से भाग पीड़िता का दैहिक शोषण कर रहा था। इसी प्रकार अक्टूबर 2023 में जुनैद से सोशल प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई। जुनैद ने



उसे मिलने के लिए बुलाया और बंधक बनाकर उससे दुष्कर्म किया। पीड़िता का कहना है कि आमिर और जुनैद एक दूसरे को जानते हैं और दोनों उसका दैहिक शोषण कर रहे थे। इतना ही नहीं आरोपियों से ब्लैकमेल कर जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जुनैद को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि आमिर की रफ्तारी के लिए पुलिस की टीम विदिशा जाएगी।

# वार्ड ब्वाय की पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

जय प्रकाश अस्पताल परिसर में रहने वाले वार्ड ब्वाय की पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बीती रात करीब दस बजे अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद पति उसे अस्पताल लेकर पहुंचा था, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। सीने में दर्द होने के कारण अनुमान है कि उसे हार्ट अटैक आया होगा। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार गुंजा पति दिलीप ( 30 ) जय प्रकाश अस्पताल परिसर, थाना हबीबगंज क्षेत्र में रहती थी। गुंजा गृहणी थी, जबकि पति दिलीप जय प्रकाश अस्पताल में वार्ड ब्वाय है। दिलीप ने पुलिस को बताया कि बीती रात करीब दस बजे के आसपास गुंजा की तबीयत एकाएक बिगड़ी उसने बताया कि उसे सीने में दर्द हो रहा है। कुछ देर बाद उसे घबराहट होने लगी। समय न गंवाते हुए दिलीप गुंजा को जय प्रकाश अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही गुंजा को मृत घोषित कर दिया।



## मां के साथ ज्यादती, बेटी से छेड़छाड़, केस दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी में रहने वाली महिला के पति की मौत हो चुकी है। फेसबुक पर उसकी दोस्ती के बाद राजस्थान के युवक ने महिला को शादी करने का झांसा दिया और शारीरिक शोषण करने लगा। पिछले कुछ दिनों से आरोपी बेटी के साथ भी छेड़छाड़ करने लगा। इस पर महिला ने मामले की शिकायत थाने में कर दी। पुलिस के अनुसार 48 वर्षीय महिला राजधानी में रहती है। महिला की फेसबुक पर राजस्थान के अजमेर के माधव प्रकाश नाम के युवक से दोस्ती हो गई। इसी दौरान उसने जल्द ही शादी करने का झांसा देकर महिला का शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया।

**मेट्रो एंकर**

### मैकेनिक पर कार का सामान निकालने का आरोप, केस दर्ज

# मेडिकल ऑफिसर को कार ठीक कराने के नाम पर पचास हजार रुपए का चूना

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित मैकेनिक मार्केट छोला रोड पर कार केयर नाम से गैरिज चलाने वाले संचाल पर पुलिस ने अमानत में खयानत, गालीगलौज और जाने से मारने की धमकी देने का प्ररकण दर्ज किया है। उक्त प्रकरण राजगढ़ जिले के एक मेडिकल ऑफिसर की शिकायत पर दर्ज किया गया। मेडिकल ऑफिसर का आरोप है कि मैकेनिक ने उनसे एक्सीडेंट में खराब हुई होंडा वैन्यू कार सुधारने के लिए ली थी। पचास हजार रुपए एडवांस लेने के बाद भी कार नहीं सुधारी और उसका ओरिजनल सामान अलग निकाल लिया। जब वह बेटे के साथ कार वापस मांगने गए तो मैकेनिक ने उन्हें कार और रुपए लौटाने से इंकार कर दिया और धमकाते हुए गालीगलौज करने लगा।

पुलिस के अनुसार डॉक्टर विशाल सिसोदिया ग्राम गुलखेड़ा, थाना बोड़ा, जिला राजगढ़ के रहने वाले हैं। उनकी इन दिनों खुजनेर में पोस्टिंग है। वे खुजनेर में जिला चिकित्सालय





में मेडिकल ऑफिसर है। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि मार्च 2023 में उनकी होंड वैन्यू कार का एक्सीडेंट हो गया था। एक्सीडेंट में कार बुरी तरह से डैमेज हो गई। मेडिकल ऑफिसर ने बीमा कंपनी से संपर्क किया। बीमा कंपनी ने उन्हें बताया कि कार कंपनी वाले छोला रोड पर मैकेनिक सैयद जिया मुईन के कार केयर वर्कशाप पर कार सुधारने के लिए भेजेगी। कार ज्यादा डैमेज होने के कारण समय अधिक लगेगा। यदि आपस सीधे कार केयर ही गाड़ी भेज देंगे तो जल्दी काम हो जाएगा।

#### खुद लेकर पहुंचे कार

कार का जल्दी काम कराने के इरादे से उन्होंने खुद ही कार मैकेनिक के कार केयर में भेज दी और पचास हजार रुपए एडवांस दे दिए। नवंबर में वह कार देखने पहुंचे तो कार जस की तस पड़ी हुई थी। उसमें किसी तरह का कोई काम नहीं हुआ था। इतना ही नहीं कार में लगा कंपनी सामान भी निकल चुका था। उस समय मैकेनिक जिया मुईन ने कुछ समय मांगा और मेडिकल ऑफिसर चले गए। मंगलवार को मैकेनिक अपने बेटे के साथ दौबारा कार केयर पहुंचे तो कार में कोई काम नहीं हुआ था। मेडिकल ऑफिसर ने कार और पचास हजार रुपए वापस मांगे तो मैकेनिक जिया मुईन भड़क गया और गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। मेडिकल ऑफिसर ने घटना की शिकायत थाने पहुंचकर की थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# पुरानी रंजिश पर युवक के सिर पर बोतल से हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित बरेखड़ी चौराहा पर कल देर रात पुरानी रंजिश में घर के बाहर बैठे युवक पर एक बदमाश बीयर बोतल से हमला कर दिया। बोतल सिर में लगने से युवक को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार आकाश कुमार नामदेव पिता राजेश कुमार नामदेव ( 23 ) आईसक्रीम फैक्ट्री के पास, बरखेड़ी चौराहा, जहांगीराबाद में रहता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह कपड़े की दुकान में काम करता



है। कल रात दुकान से आने के बाद वह साढ़े 11 बजे के आसपास अपने घर के बाहर बैठा था, तभी पातरा रोड बरखेड़ी होते हुए उसका परिचित अमन छिछोरी पहुंचा और पुराने विवाद की बात को लेकर गालीगलौज करने लगा। अकाश ने उसे गाली देने से मना किया तो आरोपी ने अपने पास रखे बीयर की बोतल से हमला कर दिया। बीयर की बोतल आकाश के सिर में लगने से उसे गंभीर चोट आई?है। गहरा घांव होने से काफी खून भी बहा। आरोपी जाते समय कह रहा?था कि मेरी शिकायत थाने में की तो जान से खत्म दूंगा।



## विष्णुकांता श्रीवास्तव का निधन

**भोपाल ।** शिरीष चंद्र सत्यवादी की पत्नी विष्णुकांता श्रीवास्तव का 86 वर्ष की उम्रीमें निधन हो गया है। रिवेरा टाउन, माता मंदिर चौराहा से आज अपरांह अंतिम यात्रा भदभदा विश्राम घाट के लिए रवाना हुई, जहां उनका अंतिम संस्कार हुआ।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022